इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ
डॉ. तरुण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN IN NEPHROLOGY
डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समय: सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208

वर्ष- 44 | अंक - 329 | राजनांदगांव, रविवार 19 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## सनातनियों से दूर और आरएसएस से सावधान रहें: अंबेडकर को कांग्रेस ने नहीं सावरकर ने चुनाव हरवाया था-सिद्धारमैया

मैसूर। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को कहा कि लोगों को सनातनियों की संगत से बचना चाहिए और आरएसएस से सावधान रहना चाहिए, क्योंकि उन्होंने इतिहास में हमेशा डॉ. भीमराव अंबेडकर और उनके बनाए संविधान का विरोध किया है। सीएम ने मैसूर विश्वविद्यालय के रजत जयंती समारोह में ज्ञान दर्शन भवन का उद्घाटन करते हुए कहा कि अपनी संगति सही रखिए। समाज के भले के लिए काम करने वालों के साथ रहिए, न कि उन सनातनियों के साथ जो सामाजिक बदलाव का विरोध करते हैं। मुख्यमंत्री ने आरएसएस पर आरोप लगाया कि वे अब भी अंबेडकर के संविधान का विरोध करते हैं और लोगों को गुमराह कर रहे हैं।

### सिद्धारमैया बोले- कट्टरपंथी सोच समाज में मौजूद

सीएम ने हाल ही सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई बीआर गवई पर जूता फेंकने की कोशिश करने वाले वकील का भी जिक्र किया। सिद्धारमैया ने कहा कि यह घटना दिखाती है कि सनातनी और कट्टरपंथी सोच आज भी समाज में मौजूद है। इस घटना की सिर्फ दलितों को नहीं बल्कि हर भारतीय को निंदा करनी चाहिए। तभी कहा जा



सीएम ने कहा संघ ने झूठ फैलाया

सकता है कि समाज बदलाव के रास्ते पर है।

### सीएम बोले- सभी अंबेडकर के दिखाए रास्ते पर चलें

सिद्धारमैया ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने दुनिया के कई देशों के संविधान पढ़े और उनमें से भारत के लिए सबसे अच्छा संविधान बनाया। उन्होंने बताया कि वे भगवान बुद्ध, बसवेश्वर और अंबेडकर के विचारों में भरोसा करते हैं और चाहते हैं कि समाज में समझदारी और वैज्ञानिक सोच बढ़े। अंबेडकर एक ऐसे महान व्यक्ति थे जिन्होंने अपने ज्ञान से समाज में बड़ा बदलाव लाया। सीएम ने बताया कि उन्होंने अंबेडकर स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स इसलिए शुरू किया ताकि छात्र अंबेडकर के विचारों को समझें और उन पर चलें। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर जैसा इंसान फिर कभी पैदा नहीं होगा, लेकिन सभी को उनके दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए। पिछले कुछ दिनों से कर्नाटक में आरएसएस गतिविधियों पर बैन लगाने की मांग की जा रही है। इसके बाद राज्य सरकार ने संघ की गतिविधियों पर कंट्रोल के लिए नियम बनाने का फैसला किया है।

### 13 अक्टूबर: सिद्धारमैया के बेटे ने आरएसएस की तुलना तालिबान से की

इससे पहले कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया ने राज्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर बैन लगाने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि आरएसएस की मानसिकता तालिबान जैसी है। आरएसएस हिंदू धर्म को उसी तरह लागू करना चाहता है जिस तरह तालिबान इस्लाम के सिद्धांतों को थोपने के लिए आदेश जारी करता है। इसके बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि आरएसएस अपनी शाखा लगाने के लिए सरकारी परिसरों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नेशनल हेराल्ड केस आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध, राउज एवेन्यू कोर्ट का फैसला

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने नेशनल हेराल्ड मामले को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। दरअसल, दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पहले दिए गए स्टे की अवधि को आगे नहीं बढ़ाया गया। राउज एवेन्यू कोर्ट में यह मामला साक्ष्य के चरण में है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने अब मामले को 29 नवंबर के लिए सूचीबद्ध कर दिया है।



एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, शिकायतकर्ता भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी दिल्ली हाईकोर्ट से अपनी अपील वापस लेना चाहते हैं। राउज एवेन्यू अदालत में अब 29 नवंबर को मामले की सुनवाई होगी। अदालत ने इससे पहले कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्यों को समन जारी किया था। वे इस मामले में जमानत पर हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) नेहा मित्तल की कोर्ट के समक्ष स्वामी के वकील ने दिल्ली हाईकोर्ट के 8 अक्टूबर 2025 के आदेश को प्रस्तुत किया। इसमें उल्लेख है कि याचिकाकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी के वकील, एडवोकेट सत्य आनंद सभरवाल, याचिका वापस लेना चाहते हैं। हाईकोर्ट में वकील का वकलातनामा रिकॉर्ड में दर्ज कराने के लिए समय दिया गया है।

### 29 नवंबर के लिए मामला सूचीबद्ध

पटियाला हाउस कोर्ट ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्यों को समन जारी किया था। वे अभी जमानत पर हैं। इस मामले को राउज एवेयू स्थित विशेष सांसद विधायक अदालत में स्थानांतरित कर दिया गया। फिलहाल यह मामला साक्ष्य के चरण में है। यह मामला कांग्रेस द्वारा एजेएल को 90 करोड़ रुपये के लोन देने और यंग इंडियन द्वारा एजेएल की शेयरधारिता और परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के आरोपों से संबंधित है। नेशनल हेराल्ड केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले की सुनवाई के लिए 25 अक्टूबर की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चिराग पासवान की प्रत्याशी सीमा सिंह का नामांकन रद्द, मढ़ौरा विधानसभा में एलजेपी (आर) को झटका

छपरा। मढ़ौरा सीट से बड़ी खबर सामने आई है। यहां चार प्रत्याशियों का नामांकन रद्द कर दिया गया है। इनमें एनडीए समर्थित लोजपा (रामविलास) की उम्मीदवार व फिल्मी कलाकार सीमा सिंह, बसपा के आदित्य कुमार, जदयू के बागी व पूर्व जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू तथा निर्दलीय विशाल कुमार शामिल हैं। 177 मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र की निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ निधि राज ने इस संबंध में आधिकारिक घोषणा की।



लोजपा (आर) उम्मीदवार सीमा सिंह का नामांकन फॉर्म क्रमें तकनीकी गड़बड़ी के कारण रद्द किया गया है। उन्होंने अंतिम दिन दोपहर करीब 3 बजे नामांकन दाखिल किया था। निर्वाचन आयोग की ओर से उन्हें गड़बड़ी सुधार कर शाम तक पुनः जमा करने का मौका दिया गया था, लेकिन वे समय पर संशोधित फॉर्म जमा नहीं कर सकीं। इस कारण उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी गई। सीमा सिंह मूल रूप से बरबीघा की रहने वाली हैं। उन्हें लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया था। इसी तरह बसपा प्रत्याशी आदित्य कुमार, जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू जिन्होंने बागी होकर निर्दलीय नामांकन किया था और निर्दलीय विशाल कुमार का भी नामांकन जांच के दौरान खामियों के चलते रद्द कर दिया गया है।

## सरकार की सलाह के बिना हुई वार्ताकार की नियुक्ति, सीएम ममता ने पीएम मोदी से रद्द करने की मांग की

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक चिट्ठी लिखकर नाराजगी जताई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार ने गोरखा मुद्दों पर बातचीत के लिए एक इंटरलोक्यूटर यानी मध्यस्थ को राज्य सरकार से बिना कोई सलाह लिए ही नियुक्त कर दिया है।

### गोरखा समुदाय से जुड़ा मामला बेहद संवेदनशील- सीएम

सीएम ममता ने कहा कि गोरखा समुदाय से जुड़े मामले बेहद संवेदनशील हैं और इन पर फैसला राज्य सरकार की भागीदारी के बिना नहीं होना चाहिए। उनके मुताबिक, गोरखा आंदोलन और उससे जुड़े राजनीतिक मसले सीधे



तौर पर राज्य की शांति, प्रशासन और विकास से जुड़े हैं। ऐसे में बिना राज्य को शामिल किए किसी मध्यस्थ की नियुक्ति करना संघीय ढांचे की भावना के खिलाफ है।

### IPS अधिकारी पंकज कुमार सिंह नियुक्त हुए वार्ताकार

सरकार ने सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी पंकज कुमार सिंह को गोरखा समुदाय से जुड़े मुद्दों पर बातचीत के लिए वार्ताकार नियुक्त किया है। ममता बनर्जी का कहना है कि इस फैसले से पहले राज्य सरकार से कोई सलाह-मशविरा नहीं किया गया, जबकि यह मामला सीधे तौर पर पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग हिल्स, तराई और दुआर्स क्षेत्रों से जुड़ा है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा, इस तरह का एकतरफा निर्णय सहकारी संघवाद की भावना के खिलाफ है, जो हमारे संविधान के मूल सिद्धांतों में से एक है। उन्होंने कहा कि गोरखा समुदाय से जुड़े किसी भी कदम में राज्य सरकार को शामिल करना जरूरी है, ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे। ममता बनर्जी ने याद दिलाया कि गोरखालैंड टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन (जीटीए) का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ढाका में हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगी भीषण आग, सभी उड़ानें हुई रद्द

ढाका। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मौजूद हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में शनिवार दोपहर भीषण आग लग गई, जिसके बाद वहां से सभी उड़ानों को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। जानकारी के मुताबिक एयरपोर्ट पर आग लगने की घटना दोपहर लगभग 2ः15 बजे कार्गो टर्मिनल में हुई। आग इतनी तेज थी कि काले धुएं ने पूरे इलाके को ढक लिया, जिसके कारण सभी उड़ानें तत्काल निलंबित कर दी गई। गनीमत ये रही कि, इस हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।



मामले में बिमान बांग्लादेश एयरलाइन्स के प्रवक्ता कौसर महमूद ने बताया कि आग लगते ही हवाई अड्डे की दमकल टीम, वायुसेना की फायर यूनिट और अन्य एजेंसियों की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और मिलकर आग पर काबू पाने का अभियान शुरू किया। सिविल एविएशन अथॉरिटी ऑफ बांग्लादेश (सीएएबी) के अधिकारियों ने बताया कि आग दोपहर के समय भड़की। सूचना मिलते ही दो दर्जन से अधिक फायर फाइटिंग यूनिट्स को मौके पर भेजा गया। फायर सर्विस के प्रवक्ता ताल्हा बिन जासिम ने कहा, हमें 2.30 बजे सूचना मिली और तुरंत हमारी टीमों को भेजा गया। कुल 36 फायर फाइटिंग यूनिट्स आग बुझाने में लगे हुए हैं। सेना, वायुसेना, नौसेना (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बिहार चुनाव से पहले बिखर जाएगी कांग्रेस! टिकट बंटवारे पर बगावत, कांग्रेस प्रवक्ता ने सभी पदों से दिया इस्तीफा



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर कांग्रेस में बगावत हो गई है। कांग्रेस के कई नेताओं ने अपनी ही पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

कांग्रेस के रिसर्च सेल के अध्यक्ष एवं प्रवक्ता आनंद माधव, खगड़िया सदर विधायक छत्रपति यादव, पूर्व विधायक पूर्व विधायक गजानंद शाही, पूर्व विधायक सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी, बांका जिलाध्यक्ष कंचना कुमारी सिंह, सारण जिला अध्यक्ष बच्चू कुमार वीरू, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार राजन, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी नागेन्द्र पासवान विकल, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य मधुरेन्द्र कुमार सिंह, खेल प्रकोष्ठ के चेयरमैन प्रद्युमन कुमार सिंह के साथ एक दर्जन से अधिक नेताओं ने टिकट बंटवारे में धनबल, पक्षपात और सिफारिश का आरोप लगाया है।

शनिवार को पटना में इन नेताओं ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस की जिसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और विधायक दल के नेता शकील अहमद खान को दलाल बताते हुए टिकट वितरण में भारी धांधली और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को गुमराह करने का आरोप लगाया। बागी नेताओं ने कहा कि यह लोग मिलकर राहुल गांधी के हाथ को कमजोर कर रहे हैं। पार्टी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आनंद माधव ने कहा कि टिकट वितरण में मेहनती और जमीनी कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर धनबल और सिफारिश वालों को तरजीह दी गई।

बिहार प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष ने राहुल गांधी के निर्देशों की अवहेलना करते हुए निजी स्वार्थ के तहत टिकट बांटे गए हैं। उन्होंने टिकट बंटवारे में दलाली की जांच कराए जाने की मांग करते हुए कहा कि वे राहुल गांधी और कांग्रेस हाईकमान को पूरी रिपोर्ट भेजेंगे। इसके लिए एक प्रतिनिधिमंडल जल्द दिल्ली जाएगा और टिकट घोटाले से जुड़े सबूत सौंपेगा। अगर इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो वे संगठनात्मक आंदोलन शुरू करेंगे। इस बार बेटिकट हुए विधायक छत्रपति यादव ने कहा कि प्रभारी अल्लावारू और कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता शकील अहमद खान ने सिंडिकेट बनाकर टिकट बेचा। कांग्रेस में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## हमने असम में घुसपैठ रोकी, बंगाल में तो उनका स्वागत होता है, ममता बनर्जी पर शाह का तंज; राहुल को घेरा

पटना। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को दावा किया कि जहां भाजपा शासित असम में घुसपैठ रोक दी गई है, वहीं पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में यह जारी है, क्योंकि वहां की सरकार अवैध प्रवासियों का रेड कार्पेट बिछाकर उनका स्वागत कर रही है।



पटना में एक मीडिया कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी तंज कसा और कहा कि अब उन्होंने वोट चोरी वाले आरोप को छोड़ दिया है। शाह ने विशेष गहन निर्वाचन संशोधन का समर्थन करते हुए कहा कि इससे घुसपैठियों को चुना जा सकेगा और यह पूरे देश में लागू होगा। शाह ने कहा कि विपक्ष को इस प्रक्रिया पर आपत्ति करना अजीब है। उन्होंने कहा कि जो लोग लुटियंस दिल्ली में बैठकर बात करते हैं, उन्हें सीमा की असलियत नहीं पता। बांग्लादेश की सीमा में घने जंगल और बड़े नदी-नाले हैं, जो मानसून में उफान पर रहते हैं। इसलिए बार-बार गश्ती करना या सीमा पर बाड़ लगाना मुश्किल है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब कोई व्यक्ति पड़ोसी देश से भारत में आता है, तो स्थानीय पुलिस या पटवारी को पता होना चाहिए, लेकिन उन्हें ऊपर से आदेश मिलता है कि प्रवासियों का स्वागत करें। यही कारण है कि पश्चिम बंगाल में घुसपैठ बढ़ रही है, जबकि असम में यह रोकी गई है। शाह ने पश्चिम बंगाल के लोगों से अपील की कि वे अगले साल के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बाहर करें और राज्य से हर घुसपैठिए को निकालने का वादा किया। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी ने वोट चोरी के आरोप को लगभग छोड़ दिया है। शाह ने कहा कि शायद बिहार के लोगों की प्रतिक्रिया के बाद राहुल गांधी ने यह आरोप उठाना बंद कर दिया। इसके अलावा, शाह ने विपक्ष के उस आरोप को भी खारिज किया कि संविधान संशोधन विधेयक (130वां) का मकसद केवल उन राज्यों की सरकारों को अस्थिर करना है, जो भाजपा के नियंत्रण में नहीं हैं।

## पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को दी हमले की चेतावनी: तालिबान सरकार ने कहा - हवाई हमलों का जवाब देने का अधिकार

इस्लामाबाद/काबुल। पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने अफगानिस्ता को शांति और अशांति के बीच चयन करने की चेतावनी दी। उन्होंने तालिबान शासन से कहा कि वह पाकिस्तान के अंदर हमले करने के लिए अफगानिस्तान की धरती का उपयोग करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ सख्तऔर तत्काल कार्रवाई करे। वहीं, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हाल में हुई खूनी झड़प और हवाई हमलों के बाद दोनों देशों के प्रतिनिधि आज दोहा में शांति वार्ता के लिए मुलाकात करने जा रहे हैं।



इस बीच, तालिबान सरकार ने स्पष्ट कहा है कि अफगानिस्तान को पाकिस्तान के हवाई हमलों का जवाब देने का पूरा हक है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि अफगानिस्तान शांति और बातचीत के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन हाल की घटनाएं पाकिस्तान की आक्रामकता की वजह से हुई हैं। मुजाहिद ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार आज पाकिस्तान के साथ बातचीत दोहा में होनी है। इसके लिए अफगानिस्तान के रक्षा मंत्री मौलवी मोहम्मद याकूब मुजाहिद के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल दोहा के लिए रवाना हो चुका है। हालांकि, उन्होंने बताया कि बातचीत से ठीक पहले बीती रात पाकिस्तानी सेना ने पक्तिका प्रांत के आम नागरिक इलाकों में फिर से हवाई हमले किए। जिसमें कई आम नागरिकों की मौत और घायल होने की खबर है। तालिबान ने इन हमलों की कड़ी निंदा की और इसे अफगानिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन बताया। मुजाहिद ने कहा, इस्लामी अमीरात इन हमलों का जवाब देने का अधिकार रखता है। लेकिन अपने वार्ताकारों की गरिमा और बातचीत की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए फिलहाल नई सैन्य कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया गया है। हम दोहराते हैं कि अफगानिस्तान क्षेत्रीय शांति और समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन हालिया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## आम आदमी को राहत, मुनाफाखोरों पर होगी कार्रवाई... जीएसटी कटौती के बाद वित्त मंत्री सीतारमण का बड़ा ऐलान

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि गत 22 सितंबर से जीएसटी की दरों में कटौती के बाद रोजमर्रा के 54 आइटम के दाम में 6-12 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। आम आदमी को जीएसटी दरों में कटौती का लाभ मिल रहा है। इन 54 आइटम में बटर-घी से लेकर टूथब्रश व शैंपू, छाता व खिलौने तक शामिल हैं। गत 22 सितंबर के बाद से लेकर अब तक विभिन्न जोन से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर वित्त मंत्रालय ने यह दावा किया है। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि जीएसटी की दरों में कटौती का लाभ नहीं देने वालों को सजा दिलाई जाएगी।

### कितनी शिकायतें आई

जीएसटी कटौती का लाभ नहीं देने के मामले में उपभोक्ता मंत्रालय के पास आई शिकायतों में से 3075 शिकायतों को जांच के लिए अप्रत्यक्ष कर विभाग के पास भेज दिया



गया है जिसकी जांच जीएसटी संबंधित अधिकारी कर रहे हैं। गत 22 सितंबर से जीएसटी दरों में कटौती का लाभ नहीं मिलने पर सरकार ने जनता से उपभोक्ता मामले मंत्रालय में शिकायत करने के लिए कहा था।

नवरात्र से आरंभ होने वाले जीएसटी बचत उत्सव के दौरान वस्तुओं की बिक्री से लेकर अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर के बारे में जानकारी देने के लिए शनिवार को वित्त मंत्री के साथ वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव एक मंच पर इकट्ठा हुए।

### दरों में कटौती का क्या है मतलब?

जीएसटी दरों में कटौती को कांग्रेस की तरफ से पूर्व का भूल सुधार बताए जाने सीतारमण ने कहा कि यह भूल सुधार नहीं है। दरों में कटौती का क्या मतलब होता है, इसे समझने के लिए कांग्रेस नेता को पूर्व के वित्त मंत्री से कोचिंग लेना चाहिए। कांग्रेस ने तो जीएसटी को लागू ही करने की कोशिश नहीं की। सीतारमण ने कहा कि हमारा मासिक जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ के पार जा रहा था। ऐसे में जनता को टैक्स कटौती का लाभ देने की गुंजाइश थी। जीएसटी दरों में कटौती से खपत में होने वाली बढ़ोतरी से मांग के साथ मैन्यूफैक्चरिंग और रोजगार को भी प्रोत्साहन मिलेगा। विपक्ष हर चीज में राजनीति करता है, उसे देश हित और जनहित की कोई चिंता नहीं है। इस मौके पर गोयल ने कहा कि इस साल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बिहार चुनाव के पहले चरण की स्कूटनी पूरी, 467 नामांकन रद्द

पटना। विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 121 विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन करने वाले प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच शनिवार को पूरी हो गई। इसमें चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास) एवं बसपा के अतिरिक्त जदयू के बागी प्रत्याशियों के नामांकन पत्र रद हो गए हैं। विभिन्न जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाइट पर अपलोड की गई सूची के अनुसार शाम नौ बजे तक कुल 467 नामांकन करने वाले प्रत्याशियों का नामांकन पत्र रद कर दिया गया है। पहले चरण में कुल 1976 नामांकन पत्र वैध पाए गए। अब पहले चरण में प्रत्याशियों के नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार (20 अक्टूबर) है। सभी की निगाहें इस पर टिकी हैं कि कौन-कहां से नाम वापस लेता है।

**चिराग, बसपा व जदयू के बागी प्रत्याशी साफ**

### सारण में एनडीए को बड़ा झटका

नामांकन को लेकर जिलों से मिलने वाली रिपोर्ट के अनुसार मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र में लोजपा, बसपा एवं जदयू के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### भाजयुमो ने उमंग व उत्साह के साथ डॉ. रमन को दी जन्मदिन की बधाई



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा युवा मोर्चा द्वारा अध्यक्ष मोनू बहादुर के नेतृत्व में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजयुमो के लोगों ने स्पीकर हाउस पहुंचकर अपने विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें विशाल हार पहनाकर भव्य स्वागत किया और डॉ. रमन का प्रेम व आशीर्वाद पाया। इस दौरान जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सहित पार्षद एवं एमआईसी मेंबर राजा माखीजा, प्रखर श्रीवास्तव, गोलू सूर्यवंशी सहित बड़ी सैकड़ों युवा भाजपाई उपस्थित थे।

### आज रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। ओसवाल लाइन में आज 19 अक्टूबर को दीपों के पर्व दीपावली पर वक्रतुंड मित्र मंडल एवं दीपचंद चित्रकला प्रशिक्षण केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में इस वर्ष भी रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समय शाम 7.30 बजे से है। सभी नगरवासियों से अपील है कि उक्त रंगोली प्रति. की प्रदर्शनी देखने पधारे।

### आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों एवं उनके आश्रितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 6 मकान आंशिक क्षति होने पर 24 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 2 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 2 लाख 40 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 1 पक्का मकान आंशिक क्षति होने पर 5 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 3 झोपड़ी आंशिक क्षति होने पर 24 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 1 मकान आंशिक क्षति होने पर 4 हजार रूपए एवं छुरिया तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 3 मकान आंशिक क्षति होने पर 12 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 1 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 1 लाख 20 हजार रूपए, नदी के पानी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए तथा डोंगरगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 5 मकान आंशिक क्षति होने पर 20 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 1 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 1 लाख 20 हजार रूपए, आग से जलने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए और डोंगरगढ़ तहसील में अतिवृष्टि से 5 मकान आंशिक क्षति होने पर 20 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 3 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 3 लाख 60 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 2 पक्का मकान आंशिक क्षति होने पर 13 हजार 500 रूपए, अतिवृष्टि से 2 झोपड़ी क्षति होने पर 6 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 3 कपड़ा-बर्तन क्षति होने पर 7 हजार 500 रूपए, तालाब के पानी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रू. की स्वीकृति आपदा प्रभावितों एवं उनके आश्रितों को प्रदान की गई है।

### भगवान महावीर स्वामी निर्वाण दिवस पर 21 मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के निर्देशानुसार भगवान महावीर स्वामी निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 21 अक्टूबर दिन मंगलवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने, 5000 रूपये अर्थदण्ड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों से कहा है कि, उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करे एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।

# घर-आंगन में सज रही आकर्षक रंगोलियां, मिट्टी के दीयों का बाजार हुआ गर्म

राजनांदगांव (दावा)। पंच दिवसात्मक दीपावली पर्व नजदीक आते ही घर-आंगन, चौबारों में आकर्षक रंगोलियां सजनी शुरू हो गई है। गोबर से लिपे-पूते आंगन में घर की महिलाएं युवतियों द्वारा एक से बढ़कर एक रंगोलियां बनाई जा रही है, इससे न केवल घर आंगन का सौंदर्य बढ़ रहा है। लोगों का इस ओर बरबस ध्यान भी आकर्षित हो रहा है, जिसे देख कर लोग वाह-वाह करने से नहीं चूक रहे।

बता दें कि पर्व विशेष पर घर-आंगन में सजने वाली रंगोलियों को देखते हुए शहर में रंगोलियों का बाजार गर्म बना हुआ है। शहर के मुख्य मार्केट गोलबाजार से लेकर अनेक चौक-चौराहे में रंगोली की दुकानें सजी हुई है। जहां 10 रुपए में रंगोली के छोटे पैकेट बेचे जा रहे हैं। शनि मंदिर रोड में रंगोली की दुकान लगाए एक महिला ने बताया कि उनके यहां आकर्षक रंगोली बनाने की चलनी 20 रुपए में बेची जा रही है। बताते चलें कि दीपावली पर्व नजदीक आते ही शहर में मिट्टी के दीयों का बाजार गर्म हो गया है। इसी के साथ ही दीपावली पूजन के लिए मां लक्ष्मी की मूर्ति तथा ग्वालिन मूर्तियों की भी मांग बढ़ गई है। लोग अपने घरों को मिट्टी के दीयों से झिलमिल करने तथा तुलसी चौरा व पूजा स्थल में रखने के लिए ग्वालिन मुर्तियां व मां लक्ष्मी की मूर्तियां खरीद रहे हैं।

बता दें कि दीपों का पर्व दीपावली धन की देवी मां लक्ष्मी पूजन का त्योहार है। इस दिन अपने घर-आंगन, चौक-चौबारों में सैकड़ों मिट्टी के दीए जलाकर माहौल को जगमग रौशन किया जाता है। 15 अक्टूबर पुष्य नक्षत्र के दिन से घरों के आंगन चौबारों को मिट्टी के दीयों से रौशन किया जाना शुरू हो गया है। धनतेरस के दिन तेरह मिट्टी के दीए जलाए गए वहीं रुप चौदस के दिन कल चौदह मिट्टी के दीए जलाए जाएंगे।



मिट्टी के दीए संग, लक्ष्मी व ग्वालिन मुर्तियों की मांग बढ़ी

लक्ष्मी पूजन दीपावली के दिन तो सैकड़ों मिट्टी के दीए जलाकर जगमग रौशन किया जाएंगे और खुशियों मनाई जाएगी।

#### मिट्टी के दीयों से पटा पड़ा बाजार

दीपावली त्यौहार को देखते हुए शहर का बाजार मिट्टी के दीए व धन की देवी मां लक्ष्मी व ग्वालिन मुर्तियां से पट गया है। जयस्तंभ चौक से महावीर चौक तक सड़क के दोनों किनारे ग्रामीण कुम्हारों व पसरा व्यवसायियों द्वारा बड़ी मात्रा में दुकानें सजाई गई है। पसरा व्यवसाई मालती बाई ने बताया कि पर्व को देखते हुए मिट्टी के दीयों का अच्छी डिमांड बनी हुई है। उन्होंने बताया कि मिट्टी के दीए 20 रुपए दर्जन व मां लक्ष्मी की मूर्ति सहित ग्वालिन मूर्तियां साइज के हिसाब से 20 रुपए से लेकर 50- 60 रुपए बेचा जा रहा है। इसी तरह दीपावली में गौरा-गौरी पर्व लिए कलसा का भी उठाव बना हुआ है। शहर के वरिष्ठ नागरिक व कला /साहित्य सुधि राकेश इंदूभूषण ठाकुर ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लोकल फार वोकल पर जोर दिया जा रहा है। स्वदेशी उत्पादों की खरीदी को देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाला कहा जा रहा है। जनता उनकी बातों को तवज्जों देते हुए स्वदेशी उत्पाद के सामानों की खरीदी कर रही है। लोगों की स्वदेशी वस्तुओं के प्रति भावना बढ़ी है।

#### स्वदेशी वस्तुओं की ओर बना झुकाव

बता दें कि पहले पर्व त्योहार में चाइना माल से बाजार पटा पड़ा रहता था। लेकिन जब से मोदी जी ने लोकल फार वोकल को बढ़ावा देने की बात कही है। स्वदेशी वस्तुओं की ओर लोगों का रुझान बढ़ा है। इसके चलते बाजार में स्वदेशी निर्मित वस्तुएं बड़ी मात्रा में बिकने के लिए आई है। इससे पारंपरिक कारीगरो द्वारा निर्मित वस्तुएं और कुम्हारों द्वारा निर्मित मिट्टी के दीए, ग्वालिन मुर्तियां, मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं तथा शिकारी महिलाओं द्वारा निर्मित झाड़ू एवं चटाई आदि की बाजार में खासी मांग बनी हुई है। इन स्वदेशी उत्पादों को लोग बड़े प्रेम से खरीद रहे हैं। श्री ठाकुर ने लोगों से अपील की है कि वे दीपावली में अपने घर-आंगन को जगमग करने के लिए बड़ी मात्रा में मिट्टी के बने हुए दीये ग्वालिन मुर्तियां, मां लक्ष्मी की मूर्तियां खरीदें और अपने निकटतम लोगों को इन ट्रेडिशनल चीजों की खरीदी करने के लिए प्रेरित करें। इससे हमारे ग्रामीण कारीगरों को काम मिलेगा और उनके हाथ मजबूत होंगे। इससे हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होने के साथ हमारा देश मजबूत होगा।

# शासकीय कर्मचारियों के अग्रिम वेतन से धनतेरस का बाजार हुआ गुलजार

राजनांदगांव (दावा)। पंच दिवसात्मक पर्व दीवाली के प्रथम पर्व धनतेरस पर शहर का बाजार शनिवार को गुलजार बना रहा। बाजार के हर सेक्टर में बूम बनी रही। इसकी वजह शासकीय कर्मियों में सरकार का अग्रिम वेतन दिया जाना है। कर्मचारियों के हाथों से एडवांस का पैसा आने से बाजार में अपने मनपसंद के सामानों की जमकर खरीदारी हुई, इससे बाजार में रौनक बिखरी रही।

बता दें कि जिले के अलग-अलग विभागों में 12 हजार नियमित शासकीय अधिकारी कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें से 130 विभागों के कर्मचारियों को 17 अक्टूबर को ही वेतन भुगतान कर दिया गया था। बाकि 20 विभागों के कर्मचारियों को 18 अक्टूबर को किया जाना था। इस तरह 12 हजार शासकीय कर्मचारियों के खातों में करोड़ों रुपए की सैलरी आते हैं। उनकी पांचों उंगलियां घी में रही और वे दीपावली की जमकर त्योहारी खरीदी की।



शुभ मुहूर्त में खरीदी के लिए उमड़ी भीड़

#### धनतेरस में बाजार रहा गुलजार

बताते चलें कि शासकीय कर्मचारियों को दीपावली के पूर्व हुए अग्रिम भुगतान से शहर का बाजार गुलजार रहेगा। धनतेरस के दिन शुभ मुहूर्त में जमकर खरीदी की जाने से बाजार बूम रहा। धन तेरस के दिन खुलकर खरीदी-बिक्री होने से व्यापारियों में खासा उत्साह बना रहा। बता दें कि व्यवसायियों द्वारा ग्राहकों को लुभाने के लिए अलग-अलग स्कीम और छूट भी दिए हुए हैं, खबरों की बौछार है। इससे लोगों ने भी कपड़ा बर्तन से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुएं, सौंदर्य प्रसाधन की चीजें सहित आटोमोबाइल सेक्टर में दो पहिया वाहन चार पहिया वाहनों की खरीदी की या फिर लक्ष्मी पूजन दीपावली के दिन लेने के लिए एडवांस बुकिंग की। इधर इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं में जीएसटी छूट के चलते भी लोगों ने जमकर खरीदारी की वहीं आटोमोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर के 10-15 प्रतिशत तक कीमतों में कमी के चलते इसका जमकर लाभ उठाया गया।

लोग यह भी मान रहे हैं और इस साल अच्छी वर्षा होने के कारण धान सहित अन्य फसल भी अच्छी है, इससे किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। इसी तरह अन्य सेक्टर व प्राइवेट नौकरी सहित कामकाजी लोगों में भी जो पर्व को लेकर उत्साह बना हुआ है, जिसका असर धनतेरस की खरीदारी में दिखाई दिया। बाजार में धनतेरस की खरीदारी को लेकर खासी भीड़ दिखी। सुबह से लेकर देर शाम रात तक बाजार के दुकानों में ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। सिर्फ सर्राफा वाले सेक्टर को छोड़ दें तो हर सेक्टर में धनतेरस को जमकर धन बरसी है। सोने चांदी के दाम आसमान छूने के कारण लोग अपनी हैसियत के अनुसार थोड़े- बहुत नेंग के लिए ही इन महंगी धातुएं की खरीदी कर पाए। जानकारों की मानें तो धनतेरस पर जमकर धन वर्षा हुई है इससे करोड़ों का व्यवसाय हुआ है।

# महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को भेजा जेल



**राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थाना क्षेत्र के सुकुलदैहान चौकी पुलिस द्वारा अपने चौकी क्षेत्र की एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है।**

सुकुलदैहान चौकी प्रभारी द्वारा बताया गया है, गत 16 अक्टूबर को प्रार्थिया द्वारा पुलिस चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज करायी की वह 16 अक्टूबर की शाम 06:45 बजे अपने दुकान पर थी, तभी आरोपी चंद्रेश खुटेल उसे माँ-बहन की गाली-गुफ्तार कर छेड़छाड़ किया। महिला की उक्त रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 296, 74 बीएनएसएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया और पुलिस द्वारा आरोपी की पता साजी की गई। इस पर चंद्रेश खुटेल पिता टीकम खुटेल उम्र 22 साल निवासी ग्राम हरदी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी का जुर्म अजमानतीय होने से गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों को देकर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# अमृत मिशन वालों को चार महीने से पगार नहीं, शहरवासियों का पानी बंद कर निकाला गुस्सा

राजनांदगांव (दावा)। सर्वाधिक खर्चीला त्योहार दीपावली में इस समय अमृत मिशन वालों का हाथ खाली है। बताया जाता है कि उन्हें चार महीने से वेतन नहीं मिला है। इससे नाराज अमृत मिशन वालों ने शहर लगभग आधे क्षेत्रों में पानी का टंकी ही नहीं भरा। इससे शुक्रवार की शाम लगभग आधे शहर को प्यासे रहना पड़ा। बता दें कि इस समय दीपावली त्यौहार की साफ सफाई रंगाई पुताई का काम धड़ल्ले से चल रहा है। जिसमें पानी की ज्यादा आवश्यकता है। ऐसे समय में अमृत मिशन वालों द्वारा शहर वासियों का पानी रोक दिए जाने से लोगों को खासी परेशानी झेलनी पड़ी। लोगो को पेयजल सहित निस्तारी पानी के लिए तरसना पड़ा। शहर के लगभग 40 प्रतिशत क्षेत्रों में शाम को नलों में पानी नहीं आने से लोग नगर निगम को कोसने लगे।

#### निगम द्वारा नही दी गई पूर्व सूचना

बड़ी बात यह है कि नल न खुलने की पूर्व सूचना निगम द्वारा नहीं दी गई थी। दिवाली के चलते घरों में साफ-सफाई का काम चलने से पानी का उपयोग ऐसे भी बढ़ा हुआ है। यदि निगम पहले से इस संदर्भ में जानकारी दे दी होती तो आम जनता पानी का उपयोग सावधानीपूर्वक कर उसे बचा सकती थी। पता चला है कि पानी न आने का कारण अमृत मिशन का विगत चार महीनों से पेमेंट न होना है, जिससे कर्मचारियों ने टंकी ही नहीं भरी।

**शहर के 40 फीसदी क्षेत्रों में नहीं आया पानी, लोग रहे परेशान**

बताया जाता है कि शासन की अमृत योजना के तहत मोहरा प्लांट में तैनात अमृत मिशन के कर्मचारियों को चार माह से वेतन नहीं मिला है। शाम को अचानक नल न आने पर जब जानकारी खंगाली गई तो पता चला कि अमृत मिशन के कर्मचारियों ने वेतन न मिलने के चलते कुछ टंकियों में ही पानी भरा और कुछ को खाली छोड़ दिया। जिन टंकियों में पानी नहीं भरा गया, उनमें इंदिरा नगर टंकी सहित आर के नगर, सिविल लाइन, तुलसीपुर, नवागांव तथा पेंड्री स्थित टंकियां शामिल हैं।

#### मिशन के लोगों का फाल्ट ढूंढ ही नहीं पाए निगम कर्मचारी

बता दें कि निगम के अधिकारियों ने इस आकस्मिक आपदा निपटने अपने स्टाफ की मदद से टंकियां भरवाने का प्रयास किया, किंतु अमृत मिशन के कर्मचारियों ने कुछ ऐसे फाल्ट पैदा कर दिए जिसे निगम के कर्मचारी ढूंढ ही नहीं पाए। फलस्वरूप नलों में पानी नहीं आया। जानकार बताते हैं कि, शहर के लगभग 40 प्रतिशत हिस्से आज पानी से वंचित रह गए। निगम ने अब तक न तो स्थिति स्पष्ट की है और न ही शनिवार को पेयजल आपूर्ति के बारे में कोई जानकारी दी है। लोग यह आश्चर्य व्यक्त कर रहे हैं कि अमृत मिशन वालों जिस तरह गुप्त रुप से यह काम किया उसका निगम वाले को कैसे पता नहीं चल पाया। बहरहाल निगम की लापरवाही और अमृत मिशन वालों का चार महीने के वेतन प्राप्त नहीं होने का खामियाजा शुक्रवार शाम आधे शहरवासियों को जल संकट से उठानी पड़ी।

# महापौर एवं निगम पदाधिकारियों ने दी दीपावली की बधाई



**महापौर ने हस्त निर्मित उत्पाद और पारंपरिक सजावट की वस्तुएँ खरीदने व स्थानीय कारीगरों व व्यवसाय को बढ़ावा देने की अपील की**

राजनांदगांव(दावा)। महापौर मधुसूदन यादव ने दीपावली पर्व पर नागरिकों को अपनी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने भारतीय संस्कृति से जुडे दीपोत्सव पर्व की बधाई देते हुए नागरिकों के जीवन में सुख-समृद्धि आरोग्य-यश-शांति स्नेह की कामना की है। अपने शुभकामना संदेश में कहा कि पर्व और उत्सव हमारे जीवन से जुड़े ऐसे संस्कार है जो मानव समाज को निरंतर कर्मपथ पर चलते रहने की शक्ति देते है। दीपावली में मॉ लक्ष्मी की पूजा करने से धन वैभव, सुख शांति मिलती है।

महापौर श्री यादव ने प्रकाश पथ की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देने वाले इस दीप पर्व पर नागरिकों को अपूर्व उमंग उत्सव भाई-चारे से इस पर्व को मानने की अपील की है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि स्वच्छता अपनाये और स्वच्छता घरो तक ही सीमित न रहे, बल्कि अपने आस पास भी साफ सफाई रखे। उन्होंने कहा कि इस दीप पर्व में पारंपरिक सजावट की वस्तुओं का उपयोग करे, हस्त निर्मित उत्पाद और स्थानीय कारीगरों के व्यवसाय को बढ़ावा दे, जिससे पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े लोग भी दीवाली मना सके।

निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, सुनील साहू, राजेश जैन रानू, श्रीमती बिना ध्रुव, शैंकी बग्गा, आलोक श्रोती, राजा माखीजा, श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा, श्रीमती केवरा विजय राय एवं डीलेश्वर प्रसाद साहू सहित अपील समिति के सदस्यों श्रीमती श्रुति लोकेश जैन, संतोष कुमार साहू, श्रीमती मोहनी बाई एवं सेवकराम उइके तथा पार्षदों ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए दीपावली पर्व को अपूर्व उमंग-उल्लास-उत्साह के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मॉ लक्ष्मी की कृपा सब पर बनी रहे और लोगों के जीवन में सुख समृद्धि का वास हो।









**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

राजस्व मामला क्रमांक 202510093700016

अ-6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामसिंग नागवंशी आ. रामलाल नागवंशी, निवासी-स्टेशनपारा राजनांदगांव, तहसील व जिला-राजनांदगांव द्वारा शहर राजनांदगांव के मोहल्ला स्टेशनपारा स्थित शीट क्रमांक 45 डी, भूखण्ड क्रमांक 15/3, 15/5, 15/7, क्षेत्रफल 157.00 वर्गमीटर जो धारकगण रामसिंग आ. स्व. रामलाल, पायल आ. स्व. सागरसिंह, सुमित्राबाई ध.प. स्व. सागरसिंग, कृष्णा आ. स्व. माधवसिंह, मनटोरा बाई ध.प. स्व. माधवसिंह, निवासी-स्टेशनपारा, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत बंटवारानामा के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 06.11.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगांव**

# युगांतर में अन्तर्विद्यालयीन काव्य पाठ और वाद-विवाद प्रतियोगिता का प्रभावी आयोजन

राजनांदगाँव (दावा)। युगांतर पब्लिक स्कूल में हिंदी और संस्कृत विभाग के द्वारा अन्तर्विद्यालयीन हिंदी काव्य-पाठ और वाद-विवाद प्रतियोगिता का शानदार आयोजन संपन्न हुआ। अन्तर्विद्यालयीन काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम आर्या राहटगाँवकर युगांतर पब्लिक स्कूल, द्वितीय कनिष्क पंचभाये जे.एम.जे नवजीवन स्कूल तथा तृतीय सायली कोठारी युगांतर पब्लिक स्कूल रहे। इसी तरह अन्तर्विद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता के पक्ष में प्रथम शरण्या श्रीवास्तव रॉयल किड्स आईसीएसई बोर्ड, द्वितीय हिमानी जोगी युगांतर पब्लिक स्कूल, तृतीय मुकुल भोई संस्कारसिटी इन्टरनेशनल स्कूल तथा विपक्ष में प्रथम गोयल युगांतर पब्लिक स्कूल, द्वितीय भक्ति गग्गड़ नीरज पब्लिक स्कूल, तृतीय श्रद्धा बिसेन रॉयल किड्स स्कूल रहे।



प्रतियोगिता की शुरूआत में प्राचार्य मधुसूदन नायर ने कहा कि इस तरह की रचनात्मक प्रतियोगिता में भाग लेने से विद्यार्थियों की प्रतिभा सामने आती है। इन बातों को ध्यान रखकर विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में जरूर भाग लेना चाहिए। प्रतियोगिता में भाग लेना ज्यादा महत्वपूर्ण होता है, प्रतियोगिता में भाग लेने की खुशी अद्वितीय होती है। उन्होंने इस तरह के आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आव्हान किया। निर्णायक डॉ.एस के मिश्रा ने कहा कि युगांतर काव्य-पाठ और वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिता के जरिए विद्यार्थियों को प्रभावी मंच प्रदान करके सराहनीय कार्य कर रहा है। हिंदी विभागाध्यक्ष वी एन राय की परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य करके हिंदी विभाग ने नगर में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने नगर की सभी स्कूलों का यह आव्हान किया कि ऐसे रचनात्मक आयोजन में उनकी अधिक से अधिक सहभागिता होनी चाहिए। इसी तरह का विचार प्रकट करते हुए निर्णायक वीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि काव्य-पाठ पाठ और वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिता के जरिए विद्यार्थी अपना सुनहरे व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। विद्यार्थियों को ऐसे रचनात्मक आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में हिंदी के कार्यक्रम होना अनुकरणीय है। आयोजन में शामिल आमंत्रित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि युगांतर नगर भर के विद्यार्थियों को प्रभावी मंच प्रदान करके अनुपम कार्य कर रहा है। प्रतियोगिता का संचालन मोहम्मद आसिफ, प्रथम गोयल, शौर्य गुप्ता ने किया। यह आयोजन विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर और हिंदी व संस्कृत विभागाध्यक्ष वी एन राय के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता के प्रभारी राजेश चौबे, नीराजना तिवारी, सुनीता सिंह, विकास प्रधान के प्रयास से सफलता के लक्ष्य तक पहुँचा। प्रबंध समिति ने आयोजन की सफलता पर हर्ष प्रकट करते हुए हिंदी और संस्कृत विभाग को बधाई दी है।

# सुबह वार्ड भ्रमण के लिए निकले महापौर



0 स्टेशन पारा क्षेत्र का निरीक्षण कर दिवाली त्योहार में समुचित साफ सफाई के दिये निर्देश
0 अण्डरब्रिज में भरे पानी की निकासी कराने संबंधित अधिकारी से कहा

राजनांदगांव (दावा)। वार्ड निरीक्षण के लिए महापौर मधुसूदन यादव सुबह स्टेशन पारा क्षेत्र का निरीक्षण कर त्योहार के पूर्व साफ सफाई रखने, शिक्षक नगर में रोड नाली के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश तकनीकि अधिकारी को दिए। अण्डर ब्रिज में पानी भरान देख निकासी कराने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किए।

महापौर श्री यादव सुबह वार्ड भ्रमण में स्टेशन पारा पहुँच निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा व पार्षद संदीप बघेल के साथ साफ-सफाई देख निर्माणाधीन अण्डर ब्रिज का जायजा लेकर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। ब्रिज में पानी भरने पर आस पास क्षेत्र में भी पानी भरने की शिकायत पर उन्होंने रेल्वे के संबंधित अधिकारी से कहा कि ब्रिज से पानी निकासी की व्यवस्था करें, आसपास क्षेत्र में भी पानी भरने की शिकायत प्राप्त हो रही है, पानी भरने के कारण बच्चों को दुर्घटनाग्रस्त होने की भी संभावना है। जिसे ध्यान में रखकर प्राथमिकता से पानी निकासी की व्यवस्था करें। इसके अलावा उन्होंने निर्माण कार्य की जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

स्टेशनपारा क्षेत्र में साफ सफाई देख महापौर श्री यादव ने संबंधित से कहा कि उक्त क्षेत्र सघन एवं श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र है, जिसके कारण संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका रहती है, जिसे ध्यान में रखकर सम्पूर्ण क्षेत्र में समुचित साफ सफाई किया जाए। आगामी दिवाली त्योहार को देखते हुए स्टेशन पारा सहित पूरे शहर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। नियमित रूप से कचरा उठाए, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, गाड़ी में गीला सुखा कचरा अलग-अलग डालने समझाईस देवे, सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक कार्य करना सुनिश्चित करें। शिक्षक नगर क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान रोड नाली की मांग पर तकनीकि अधिकारी को प्राक्कलन तैयार करने निर्देशित किए। इस अवसर पर वार्डवासी व निगम का अमला उपस्थित था।

# युगांतर कॅप फुटबॉल टूर्नामेंट में युगांतर ए टीम विजेता



राजनांदगाँव (दावा)। युगांतर कॅप फुटबॉल टूर्नामेंट में लीग कम नाक आउट मुकाबले में युगांतर ए टीम ने वाइडनर मेमोरियल की टीम को 7-6 से हराकर युगांतर कॅप अपने नाम किया। यह मैच काफी रोमांचक रहा। युगांतर की ओर से कृष्णा मेघानी ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम की जीत की इबारत लिखी। उक्त विद्यार्थी को पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के कारण प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट के खिताब से नवाजा गया। इसी तरह टूर्नामेंट के बेस्ट गोल कीपर का खिताब वंश पाण्डे को मिला। इस मैच के निर्णायक अखिलेश मिश्रा और करण अरोरा रहे।

मैच के उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन विद्यालय के वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने कहा इस तरह के टूर्नामेंट के आयोजन नियमित समय-समय पर होते रहने चाहिए। ये विद्यार्थी को खिलाड़ी भावना के साथ अनुशासित जीवन का पाठ सिखलाते हैं। समारोह में टूर्नामेंट के बेस्ट डिफेंस, बेस्ट मिड फिल्डर, बेस्ट स्ट्राइकर को भी पुरस्कृत किया गया। जैसे ही युगांतर कॅप युगांतर ए टीम को प्रदान किया गया, वैसे टीम के सारे सदस्य उमंग तथा उल्लास से भर गए। इस टूर्नामेंट के आयोजन से फुटबॉल प्रेमियों में गजब का उत्साह देखने को मिला। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर, वरिष्ठ खेल शिक्षक राजेन्द्र तिवारी ने भी टीम को बधाई दी।

# दीपावली त्यौहार के मद्देनजर अपराध नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हुई क्राइम बैठक

- पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आँप्स मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा ली गई बैठक
- जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारी हुए सम्मिलित
- क्राईम मीटिंग लेकर लंबित मामलों के निराकरण हेतु निर्देशित किया गया
- अपराधों एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के दिए सख्त निर्देश
- नशीले पदार्थ, गांजा, ड्रग्स, अवैध शराब तस्करों पर सख्त कार्यवाही करने कहा गया



राजनांदगांव (दावा)। दिनांक 18 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आँप्स मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुल देव शर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव के सभाकक्ष में राजपत्रित अधिकारी पुलिस एवं थाना/चौकी प्रभारियों की क्राइम बैठक ली गई, जिसमें कानून व्यवस्था एवं अपराधों के संबंध में जानकारी ली गई। अपराधों पर नियंत्रण एवं आसामाजिक तत्वों, शराब व नशीले पदार्थो की खरीदी बिक्री, गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश, चाकूबाजों पर अंकुश लगाने के लिए संदिग्ध लोगों की पहचान कर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए। हिस्ट्रीशीटर व सक्रिय अपराधियों की लगातार चेकिंग करते रहने हेतु निर्देश दिया गया। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करने, समंन वारंट की समय पर तामिली हेतु कहा गया, नवा बिहान और जन जागरूकता के तहत अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने हेतु कहा गया। समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में चौक चौराहों में बल लगा कर संध्याकालीन व रात्रि पेट्रोलिंग लगातार किये जाने हेतु हिदायत दी गई। शहर में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं दोपहिया वाहन चालको को हेलमेट पहनने के लिये जागरूक करने के दिये निर्देश।

उक्त मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आँप्स मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव पुष्पेन्द्र नायक, एस.डी.ओ.पी डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम, डी.एस.पी. डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया, डीएसपी श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर व जिले के समस्थ थाना/चौकी प्रभारीगण उपस्थित थे।

## सोशल मीडिया पर अफवाहों से रहें सावधान, साम्प्रदायिक सौहाद्र बिगाड़ने वाले पोस्ट ना करें




राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव पुलिस द्वारा व्हाट्सएप, इन्सटाग्राम, फेसबुक, टेलीग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों और सौहाद्र बिगाड़ने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक पोस्ट मिलने पर पोस्ट करने वाले व्यक्ति के साथ-साथ ग्रुप एडमिन को भी जिम्मेदार ठहराया जावेगा। आम जनता से अपील है कि साम्प्रदायिक सौहाद्र बिगाड़ने वाले मैसेज, फोटो या विडियो सोशल मीडिया में पोस्ट ना करें, भड़काऊ पोस्ट करना या पोस्ट फार्वड करना अनुचित है, ऐसा करने से उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही भी संभावित है, अफवाहों या भड़काऊ पोस्ट ना फैलाए जिम्मेदार नागरिक बने,अन्यथा वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

सौहार्द बिगड़ने वाले पोस्ट की जानकारी मिलने पर पुलिस कंट्रोल रूम राजनांदगांव के फोन नंबर 07744286622, 9479192199 को सूचित करें।

# बरगा चौक में तेज रफ्तार वाहन ने बुजुर्ग को रौंदा, मौके पर हुई मौत



राजनांदगांव (दावा)। नेशनल हाईवे में तेज रफ्तार से चलने वाली गाड़ियों ने एक और ग्रामीण व्यक्ति की कुचल कर जान ले ली। शनिवार दोपहर बाद हुई उक्त घटना में बुजुर्ग व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसकी बाइक कचुमर निकल गया। बता दें कि शहर के पेंड्री की ओर पड़ने वाले बरगा चौक में शनिवार को एक तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार बुजुर्ग को अपनी चपेट में ले लिया। इससे उक्त बुजुर्ग की मौके पर ही जान चली गई। वहीं उसकी बाइक सीजी-08/वाय 5337 बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बरगा चौक में दोपहर बाद हुई उक्त घटना के संबंध में लोगो की मानें तो बुजुर्ग अपनी बाइक में कहीं जा रहा था, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना इतनी भयंकर थी की बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वहीं बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदय द्रावक घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई।

### घटना को अंजाम देकर ट्रक चालक फरार

लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने बताया कि बरगा चौक में लगभग साढ़े 4-5 बजे हुई उक्त दर्दनाक हादसे में मृत हुआ 76 वर्षीय बुजुर्ग सुगंधित राम देवांगन पिता बैसाखुराम ग्राम धनगांव का रहने वाला था, जो अपनी बाइक से शहर आया हुआ था। बरगा चौक के पास एक बड़े तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। आरोपी ट्रक चालक ट्रक को लेकर फरार हो गया है जिसकी खोजबीन की जा रही है।

## हमारे कर्म कैसे रहे, यह भी मृत्यु के समय पता चलता है-मुनि वीरभद्र



**ज्ञान वही, जो आचरण, श्रवण एवं आचमन को सही बना दे**

राजनांदगांव (दावा)। विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने आज यहां कहा कि, कोई व्यक्ति कैसा रहा है, यह उसकी मृत्यु के समय ही पता चलता है। जीवन में हमारे कर्म कैसे रहे, यह भी मृत्यु के समय पता चलता है। व्यक्ति अपनी मरण दशा सुधार सकता है। बशर्ते उसे अपने कर्म सुधारने होंगे। जैन बगीचे में अपने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन में जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कि मनुष्य ही एकमात्र ऐसा प्राणी है जो अपनी मृत्यु की दशा को सुधार सकता है। उन्होंने कहा कि जो विषयों, राग आदि में पड़ता है, वह दुर्गति को प्राप्त करता है। इससे बचने के लिए परमात्मा ने पांच इंद्रियों को अपने बस में करने के लिए विशेष जोर दिया है। उन्होंने कहा कि ज्ञान वही है जो आचरण, श्रवण एवं आचमन को सही बना दे। मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कि सबके अंदर कुछ ना कुछ विशिष्ट गुण होता है। बस वह उसे पहचान कर अपने गुणों का विकास करें। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति उत्तम मृत्यु चाहता है। समाधि मरण के लिए उसे अपने कर्म को सुधार कर धर्म के कार्य करने होंगे। इसके अलावा ऐसे काम करने होंगे जिससे कि मरण दशा में सुधार आये। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

# दीपावली त्यौहार के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के नेतृत्व में शहर में निकला फ्लैग मार्च

0 यातायात व्यवस्था एवं अपराधों पर नियंत्रण हेतु निकला फ्लैग मार्च

0 शहर के चौक चौराहों में पुलिस का जवान तैनात

0 चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन पेट्रोलिंग लगाई गई है

0 साथ ही उठाई गिरी व अन्य लोगों के लिए सादी वर्दी में साइबर सेल की टीम एवं पुलिस के जवान तैनात

0 दुकानदारों को दुकान से बाहर सड़क पर सामान ना रखने की दी गई हिदायत

0 त्यौहारों के मद्देनजर शहर के अंदर बाजार में चार पहिया वाहन प्रतिबंधित किया तथा दोपहिया वाहन सड़क पर खड़ा ना करें



राजनांदगांव (दावा)। दीपावली त्यौहार के मद्देनजर कल राजनांदगांव शहर में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, एसडीएम राजनांदगांव गौतम पाटिल, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक, डीएसपी श्रीमती तनु प्रिया ठाकुर, थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरत्न कश्यप द्वारा अपने दल-बल के साथ शहर के मुख्य चौक-चौराहों, बाजार-हाट एवं मुख्य शहर मार्ग पर खरीदी बिक्री हेतु भीड़-भाड़ वाले जगहों में पैदल फ्लैग मार्च की गई एवं पुलिस की फिक्स पॉईंट भी लगाया गया। दीपावली त्यौहार को देखते हुए बाजार में भीड़ होने की संभावना को देखते हुए यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनाने हेतु दुकानदारों को अपने दुकान का सामान सड़क पर ना रखने की हिदायत दी गई। शहर के मुख्य मार्ग व बाजार में त्यौहारों की खरीदी बिक्री हेतु भीड़-भाड़ वाले जगहों में लोगों को जाम की परेशानियों से बचाने के लिए राजनांदगांव शहर के अंदर चार पहिया वाहन प्रतिबंधित किया गया है तथा दोपहिया वाहन सड़क पर खड़ा ना करें अन्यथा चालानी कार्यवाही की जायेगी। यातायात नियमों का पालन करें।

## कलेक्टर ने नशामुक्ति केन्द्र का किया निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित स्वैच्छिक संस्था समता जन कल्याण समिति राजनांदगांव द्वारा संचालित एकीकृत पुनर्वास केन्द्र (नशामुक्ति केन्द्र) का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान संस्था में उपस्थित 5 हितग्राही से चर्चा। उन्होंने केन्द्र में मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने संस्था के पुस्तकालय को अद्यतन करने एवं आवश्यक सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए।

## ई-ऑफिस के संबंध में प्रशिक्षण 28 को


राजनांदगांव (दावा)। ई-ऑफिस के क्रियान्वयन, सुचारू संचालन एवं उनके प्रयोगों के संबंध में 28 अक्टूबर 2025 को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक जिला पंचायत सभाकक्ष में दो चरणों में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को प्रशिक्षण में 2 अधिकारी-कर्मचारी की उपस्थिति सुनिश्चित कराने कहा गया है।

# नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देवबाग एवं जयस्तंभ चौक में बच्चों द्वारा दीवाली पर्व मनाया गया



राजनांदगांव(दावा)। नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देवबाग एवं जयस्तंभ के बच्चों द्वारा दीवाली सेलिब्रेशन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी एवं श्रीमती सोनल बाजपेयी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात् संक्षिप्त उद्बोधन में श्री बाजपेयी ने दीपावली पर्व के संबंध में प्रकाश डालते हुए मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम जी के जीवन को चरितार्थ में लाते हुए, अपने जीवन में उनसे सीख लेने की भावना प्रकट की। साथ ही साथ सत्य का साथ हमेशा अपनाने एवं अपने कर्त्तव्य एवं माता-पिता की आज्ञा मानने की प्रेरणा लेने की बात कही। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में कक्षा अनुसार प्री.नर्सरी एवं नर्सरी के लिए कलरिंग कॉम्पिटिशनए केजी.1 के लिए दीया डेकोरेशन एवं केजी.2 के लिए फ्लावर रंगोली कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हें मुन्हें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने उपलब्ध सामग्रियों उपयोग में लाकर प्रतियोगितानुसार निर्धारित मापदंड में एक से बढ़कर एक आकृतियां बनाकर शिक्षकों एवं पालकों का मन मोह लिया। इसी कड़ी में प्रायमरी कक्षा के बच्चे कक्षा 1 से 8 तक ने भी दीया डेकोरेशन प्रतियोगिता में भाग लिया एवं दियों में मनमोहक कलाकृतियां बनाई। इसके साथ ही दीवाली सेलिब्रेशन भी मनाया। इस अवसर पर एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की डॉयरेक्टर श्रीमती रेणु बाजपेयी, सुश्री कुंतल बाजपेयी, एनपीपीएस प्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई, एच.एम.श्रीमती वैशाली सिंग, एच.एम. श्रीमती स्नेहा तिवारी सहित सभी शिक्षकगण एवं स्टॉफ उपस्थित थे।

## हीरामोती वार्ड में चला स्वच्छता अभियान- डॉ.रमन सिंह के जन्मदिवस को समर्पित सेवा कार्य



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर आज वार्ड क्रमांक 39 हीरा मोती वार्ड में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम डॉ. रमन सिंह के 'सेवा ही संगठन' के संदेश को सार्थक करते हुए आयोजित किया गया। अभियान में वार्ड की गलियों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वार्ड 39 पार्षद रवि सिन्हा, पारुल जैन, संजय चौरसिया, रितेश देवांगन, हिमांशु सोनवानी, राकेश ओटी, स्वच्छता दीदीगण एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। सभी उपस्थित नागरिकों ने यह संकल्प लिया कि 'स्वच्छता ही सेवा है' और अपने वार्ड को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर पार्षद रवि सिन्हा ने कहा कि 'डॉ. रमन सिंह ने हमेशा सेवा और समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता दी है। हम उनके जन्मदिवस पर स्वच्छता अभियान के माध्यम से उनके जनसेवा के आदर्शों को आगे बढ़ा रहे हैं।' कार्यक्रम का समापन 'स्वच्छ भारत, सुंदर भारत' के नारे के साथ हुआ।

# ग्रामीण क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े



**प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत की गयी कार्यवाही**

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में अशांति फैलाने बदमाश को धर दबोचा है और उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन पर उनके नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देष प्राप्त होने पर ग्राम में अशांति फैलाने वाले बदमाश को धर दबोचा गया है।

थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि, शनिवार 18 अक्टूबर को उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि, ग्राम रेवाडीह स्कान कॉलोनी में एक बदमाश द्वारा आवेदक दिनेश कुमार सिन्हा को तुमने मेरे खिलाफ थाना में रिपोर्ट कराये हो कहकर प्रार्थी को दबाब बनाकर गाली गलौच, झगड़ा कर रहा था, जिसे मौके पर पुलिस एवं आसपास के लोगों द्वारा समझाने का प्रयास किया गया, किन्तु वह राजी न होकर और अधिक उत्तेजित होकर वाद विवाद और मारपीट पर आमदा हो गया था। इस पर आरोपी शिवा उर्फ त्रिलोक चंदेल पिता रवि सिंह चंदेल उम्र 24 साल निवासी रेवाडीह तालाब पारा के खिलाफ धारा 170 बी.एन.एस.एस. के तहत गिरफ्तार करने के अलावा कोई विकल्प नही होने से उसे गिरफ्तार किया गया तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अनावेदक के विरूध्द धारा 170/126, 135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत कार्यवाही कर अनुविभागीय दण्डाधिकारी के समक्ष पेश किया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक श्री साहू सहित. प्र.आर मोहन चंदेल, आर. संतराम साहू, आर. कमल किशोर यादव की भूमिका सराहनीय रही।

## अनमोल दावा

> **इंसान की मनुष्यता उसी समय खत्म हो जाती है, जब उसे दूसरों के दुख पर हंसी आती है।**

## बना रहे अयोध्या का प्राचीन स्वरूप, बहुमूल्य विकास-कार्यों में अयोध्या-भाव का अनुपस्थित होना सोच में डालता है

कोई भी नया निर्माण पुरातात्विक अनुसंधान का विषय बन जाता है। यही संसार की सच्चाई है। अयोध्या को सजाते-संवारते हुए इस विचार की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए कि आने वाली पीढ़ियां जब अयोध्या को खोजती हुई आएंगी तो वे यहां रामायण के संदर्भ पा सकेंगी या फिर उन्हें आज की चुनावी परिस्थितियों के दबाव में गढ़े गए आभासी निर्माणों के साक्ष्य प्राप्त होंगे।

दीवाली पर जगमग होने को तैयार अयोध्या भगवान विष्णु की पहली पुरी है। इसका तात्पर्य प्राचीनतम बसावट से है। यह प्राचीनता सनातन धर्म के मूल्य-मान की आदिम अवधारणाओं को भी सहेजे हुए है। आज की दुनिया में पुरुषार्थ की परिभाषा बदल चुकी है और मोक्ष-कामना हमारे जीवन को अनुशासित नहीं करती तथापि हमारी ज्ञान-परंपरा में मुक्ति एक विशिष्ट विचार है, जो संपूर्ण भारतीय वाङ्मय के केंद्र में विद्यमान है।

अयोध्या के होने का अर्थ है हमारी सनातन जीवन दृष्टि का होना। आक्रमणकारी अभ्यागतों तथा औपनिवेशिक दुरभिसंधियों ने अयोध्या को पीढ़ियों तक मलिन किए रखा। अब जब अयोध्या पुनः अपनी अस्मिता और अपनी आध्यात्मिकता को उजागर करने की ओर है तब, इस पड़ाव तक पहुंचने में धर्म-संस्कृति के साथ ही बड़े राजनीतिक बल का विनियोग भी दृष्टि में आता है।

देश के इतिहास-भूगोल और लोक-आस्था के विषय को राजनीतिक दल अपना एजेंडा बनाते ही हैं। अयोध्या भी एक एजेंडा बनकर इस परिणति तक आई है। तटस्थ होकर देखा जा सकता है कि श्रीरामजन्मभूमि ने भाजपा को विपक्ष से सरकार में बदल दिया। भाजपा ने भी उजाड़ अयोध्या को जगमगाते शहर में बदलने में कोई कसर नहीं रखी, पर इस बदलाव के बीच कुछ बिंदु दृष्टिगोचर होते हैं, जो प्रश्नात्मक होते जाते हैं। आधुनिकता में उद्भासित होती हुई अयोध्या का मानक क्या हो, यह प्रश्न दिनों-दिन बड़ा होता जाता है। अयोध्या की एक शाश्वत पहचान धर्मनगरी की है।

वेद-पुराण-आगम तथा अन्य अनेक साहित्य में यह हिंदू धर्म का प्रधानतम केंद्र है, किंतु सांस्कृतिक समरसता का आवरण ओढ़े राजनीतिक प्रयोग इस पहचान का निर्वाह करने को लेकर कितने सावधान हैं, यह संशयग्रस्त है। अपनी देशव्यापी स्वीकार्यता के कारण अयोध्या राजनीतिक समीकरणों की प्रयोगशाला बनने की दुश्चिंताओं से घिर रही है। यह कदाचित उसके श्रीरामजन्मभूमि वापस पाने का महंगा मूल्य सिद्ध हो। बीते वर्षों में ऐसे कई प्रसंग उभरे हैं, जिन पर ध्यान जाना स्वाभाविक है। अयोध्या की संसदीय सीट पर भाजपा की हार और उसके बाद मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव जीतने की कवायद, दोनों ही अयोध्या के मौलिक चरित्र को मलिन करने के उदाहरण बने।

इसी प्रकार अयोध्या के बहुमूल्य विकास-कार्यों में प्रायः अयोध्या-भाव का अनुपस्थित होना सोच में डालता है। अयोध्या अपने मठ-मंदिरों की सेवा-चर्या अथवा उनके संरक्षण-संवर्धन से आगे बढ़कर कोई पक्ष नहीं रखती। इसका दुष्परिणाम यह है कि बदलती और बहुत-कुछ विरूपित होती जाती अयोध्या की पैरवी करता कोई स्वर सुनाई नहीं देता। अधिकांश योजनाएं कंपनियां और ठेकेदार बनाते हैं और शासन उन्हें अनुमति तथा धन देता है। अयोध्या को उसके औचित्य अथवा स्वरूप का कोई संज्ञान नहीं रहता।

अयोध्या के संतों के आग्रह पर ब्रिटिश शासन में यहां के कुछ विशिष्ट स्थलों के संरक्षण हेतु लगभग डेढ़ सौ शिलालेख लगाए गए थे। बाहरी परिक्षेत्र को जाने भी दें तो भीतरी अयोध्या में भी उनका सत्यापन-संरक्षण नहीं हो पा रहा है। अयोध्या की पहचान के स्थल पौराणिक अथवा रामायणपरक होने से अधिक संगत होंगे। देश की महान विभूतियों को यहां सम्मान देने का और अधिक सुचिंतित ढंग हो सकता है। कुछ दिन पहले अयोध्या के एक मार्ग का नाम बदलकर दक्षिण के एक प्रतिष्ठित आचार्य के नाम पर किया गया।

यह मार्ग काफी पहले से नगर निगम की विधि व्यवस्था द्वारा अयोध्या की संगीत परंपरा के एक विशिष्ट महानुभाव के नाम पर समर्पित था। वे अयोध्या की संगीत परंपरा के गौरव रहे, पर उनके उत्तराधिकारी इस नाम-परिवर्तन को रोकने में अक्षम रहे। यहां प्रश्न किसी एक नाम के होने या न होने तक सीमित नहीं है। यह चिंता अयोध्या के वैश्विक होने में इसकी अपनी स्थानिकता और इसकी मौलिकता के ध्वंस की है।

हाल में अयोध्या के पौराणिक स्थल बृहस्पति कुंड के जीर्णोद्धार के बाद लोकार्पण किया गया। अतिक्रमण तथा रामपथ के चौड़ीकरण से अति संकीर्ण हो चुका यह बृहस्पति कुंड अयोध्या के केंद्रीय भूभाग में अवस्थित महत्वपूर्ण स्थल है, जिसका उल्लेख रुद्रयामल के चौदहवें अध्याय तथा स्कंदपुराण के अयोध्या माहात्म्य में सातवें अध्याय में किया गया है। इस कुंड का जीर्णोद्धार करते हुए यहां दक्षिण भारत के तीन प्रमुख संतों की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। यह स्वागतयोग्य है। इस स्थल की सजावट में द्वार पर दोनों ओर बुद्ध के चेहरे लगाए गए हैं, पर बृहस्पति कुंड की पौराणिक पहचान वाले इस तीर्थ पर देवगुरु बृहस्पति की प्रतिमा ही नहीं लगाई गई।

कोई भी नया निर्माण पुरातात्विक अनुसंधान का विषय बन जाता है। यही संसार की सच्चाई है। अयोध्या को सजाते-संवारते हुए इस विचार की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए कि आने वाली पीढ़ियां जब अयोध्या को खोजती हुई आएंगी तो वे यहां रामायण के संदर्भ पा सकेंगी या फिर उन्हें आज की चुनावी परिस्थितियों के दबाव में गढ़े गए आभासी निर्माणों के साक्ष्य प्राप्त होंगे।

## लघु उपन्यास यशस्विनीः अध्याय 22ः कोरोना कालः क्या मुझे और मास्क मिल सकते हैं?



**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

इतिहास में संभवतः ऐसा पहली बार हुआ था जब कोरोना ने धर्मस्थलों के भी द्वार बंद करवा दिए। यशस्विनी विचार करने लगी कि कहीं न कहीं इस बीमारी के उद्भव और प्रसार में मानव की लापरवाही की बहुत बड़ी भूमिका है। देश की सवा अरब के लगभग आबादी घरों में कैद है।

यशस्विनी ने रात में रोहित को फोन लगाया और कहा, 'कैसे हो रोहित?'

'मैं ठीक हूं यशस्विनी, तुम कैसी हो?'

'मैं भी ठीक हूं रोहित। यह कठिन समय है। हमें कोरोनावायरस के शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करना होगा। किस तरह यह गले तक पहुंच कर और देर तक वहां रहकर अपना प्रभाव डालता है और फिर फेफड़े में उतर कर धीरे-धीरे उसको कमजोर कर श्वसन तंत्र को नष्ट कर देता है।ठीक न होने पर इसका बुखार जानलेवा साबित हो रहा है।'

'आप ठीक कह रही हैं यशस्विनी, हमें सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं और दवाओं के साथ-साथ अपने स्तर पर योग और अन्य देसी पद्धतियों के बारे में भी लोगों को जागरूक करना चाहिए.'

ऐसा कहते-कहते फोन पर रोहित की हल्की खांसी की आवाज सुनाई दी। यह सुनकर यशस्विनी चिल्ला उठी, 'क्या हुआ रोहित, आप ठीक तो हैं?'

हँसते हुए रोहित ने कहा, 'क्यों चिंता कर रही हो यशी, अब मैं भला तुमसे कोई बात छुपाउंगा?'

अचानक रोहित को लगा कि उसने यशस्विनी का इस तरह 'यशी' नाम लेकर अपनी हद पार कर दी है। उसने कहा-'सॉरी।'

यशस्विनी ने खिलखिलाते हुए कहा, 'इसकी कोई जरूरत नहीं है योगी महाराज..'

कोरोना ने पूरी जिंदगी को बदल कर रख दिया। संक्रमण से फैलने वाली महामारी इस कदर भयानक हो सकती है,यह किसी ने नहीं सोचा था। लोगों के चेहरों पर मास्क दिखने लगे। लोग घरों में कैद होकर रह गए। जो लोग सड़कों और कार्यस्थल पर थे, वे कोरोना योद्धा थे, जो अपनी ड्यूटी निभा रहे थे। जैसे प्रशासन के अधिकारी, पत्रकार, जमीनी स्तर के कर्मचारी, अस्पताल के चिकित्सक, नर्स, और पैरामेडिकल स्टाफ, सुरक्षा बल के जवान, पुलिस फोर्स और लॉकडाउन में आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई करने वाले.. अस्पताल में मरीजों की बढ़ती भीड़.. लोगों के चेहरों पर लगे हुए मास्क.. 2 गज अर्थात 6 फीट की सुरक्षित दूरी.. सेनीटाइजर का बार-बार प्रयोग और सामाजिक दूरी जैसी अवधारणाएं पहली बार अस्तित्व में आईं। यशस्विनी को याद आया कि उसके पास भी अधिक दिनों का राशन नहीं है इसलिए लॉकडाउन की घोषणा के तीसरे ही दिन वह मार्केट गई। सब कुछ बदला बदला सा। चौराहे पर सायरन बजाती पुलिस की गाड़ी... दुकानदारों को ताकीद करते पुलिस के जवान और गाड़ी से किए जाने वाले अनाउंसमेंट... आप निश्चिंत रहें आप लोगों को दोपहर 12:00 बजे तक खाने-पीने राशन दूध फल आदि वस्तुएं उपलब्ध हो जाएंगी....

यशस्विनी ने अपने घर के पास वाले चौराहे पर एक छोटी सी दुकान के पास रुककर वहां से मास्क खरीदने की सोची।

वहां एक आठ-नौ साल के लड़के को मास्क बेचते देखकर उसे हैरानी हुई। उत्सुकता वश उसने अपनी स्कूटी रोकी और पूछा, 'यह मास्क कितने रुपए का है?'

'दीदी' यह 15 रुपए का है।'

जैसे लड़के को लगा कि 15 रुपये उसने बहुत ज्यादा बोल दिए हैं, इसलिए उसने तुरंत सुधार करते हुए कहा- 'दीदी आपको ज्यादा लग रहा है और मैं इसे आपको 10 रुपये में दे दूंगा।'

'ऐसा क्यों?'

'वैसे सच बताऊं दीदी यह बड़ी मेहनत से तैयार हुआ है। मेरी मां ने खुद इसे अपने हाथ से बनाया है।'

'अच्छा हाथ से बनाया है। कैसे?' 'उन्होंने मुझसे पास की दुकान से कपड़ा मंगवाया। इसके बाद अपने हाथों से छोटे-छोटे मास्क से थोड़ी बड़ी साइज के टुकड़े उन्होंने काटे और फिर सुई धागे से बड़ी मेहनत से उन्होंने इसे सिला है।'

यशस्विनी ने कहा, 'यह तो बहुत अच्छी बात है और तुम्हारे मास्क की क्वालिटी भी तो बहुत ही अच्छी है। इसलिए मैं तुम्हें 15 रुपये दूंगी... और... तुम इसे 10 रुपये में बेचने की बात क्यों कह रहे हो?

छोटे उस्ताद ने उत्तर दिया, ''बात यह है दीदी कि आज अब तक 1-2 लोगों ने ही मास्क खरीदा है। मुझे डर लग रहा है कि कहीं मेरे मास्क न बिके तो परेशानी खड़ी हो जाएगी।''

'तुम्हें क्या परेशानी है?'

'परेशानी की बात यह है दीदी कि घर में मेरी मां है जो बीमार है। वे कई घरों में काम पर जाती हैं। कल सुबह अनेक घरों के लोगों ने उन्हें फोन कर घर आने के लिए मना किया। अब महीना पूरा होने में चार-पांच दिन ही बचे हैं तो मेरी मां को उनकी इस महीने की तनख्वाह 1 तारीख को ही मिलती, तो बस महीने के आखिरी दिनों में घर में पैसों की कमी हो गई है..'

यशस्विनी ने पूरी बात सुनकर आहें भरते हुए कहा 'ओह, तो छोटे उस्ताद यह बात है। और तुम्हारे घर में कौन-कौन हैं?'

'अभी यहां मैं और मेरी मां रहते हैं। पिता काम करने के लिए विजयपुर गए हुए हैं। वे महीने में एक बार आते हैं लेकिन अभी कल ही उन्होंने फोन किया कि वे लॉकडाउन में फंस गए हैं अभी घर नहीं आ पाएंगे।'

यशस्विनी सोच में पड़ गई। उसने कहा,' ...तो मास्क बेचने के लिए तुम्हारी मां भी तो आ सकती थी न?'

'नहीं, मां की तबीयत खराब है।'

'छोटे उस्ताद क्या हुआ है तुम्हारी मां को?

'दीदी उस दिन एक घर में साफ सफाई के दौरान वे स्टूल पर चढ़ी थीं वहां से नीचे गिर गई और उनकी दाईं एड़ी में फ्रैक्चर आ गया है।.. उसी दिन रात से लॉक डाउन लग गया.. फिर भी मेरी मां किसी तरह काम करने के लिए घरों में जाने को तैयार थी. एड़ी में आधा प्लास्टर चढ़ा होने के बाद भी. दीदी इस पर मैंने ही उन्हें रोका कि आप काम पर मत जाओ. मैं पैसा कमा कर लाऊंगा..'

छोटे उस्ताद की कहानी सुनकर यशस्विनी का ध्यान गणेश की कहानी की ओर चला गया। ऐसी ही परिस्थितियों में गणेश दीवाली के दिन पटाखों का इंतजार कर रहा था और फिर मजदूरी के दौरान ऊंचाई से गिर पड़ी मां से गणेश की भेंट अस्पताल के बेड पर हुई थी। यशस्विनी को उसकी कहानी बड़ी मार्मिक लगी। उसने पूछा, 'छोटे उस्ताद, तुम्हारा नाम जान सकती हूं?'

'हां दीदी, मैं पिंटू। स्कूल में मेरा नाम प्रवीण है।'

'बहुत बढ़ीया, तुम सचमुच अपने काम में ही नहीं अपनी बातों में भी प्रवीण हो पिंटू।

यशस्विनी को पिंटू से सहानुभूति होने लगी। उसने एक के बदले 2 मास्क खरीदे और 20 के बदले जब उसने 30 रुपए देने चाहे तो पिंटू ने मना कर दिया। 'नहीं दीदी... मैं 20 ही लूंगा क्योंकि आपसे मैंने इसी रेट के बारे में बातचीत की है। जबरदस्ती 10 रुपये अतिरिक्त देकर यशस्विनी पिंटू के ऊपर कोई अहसान लादना नहीं चाहती थी क्योंकि ऐसा करने पर उसके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचती। इसलिए यशस्विनी ने उसे केवल 20 रुपये दिए। यशस्विनी ने इतना ही पूछा, 'क्या मुझे और मास्क मिल सकते हैं? मैं एक सामाजिक संस्था में काम करती हूं..'

(क्रमशः)

## संपत्ति विरासत के विवाद आम है !

**रजनीश कपूर**

भारत में संपत्ति विरासत के मुख्यतः दो आधार होते हैं। वसीयतनामा (विल) और उत्तराधिकार कानून (सक्सेशन लॉ)। यदि किसी व्यक्ति ने वैध वसीयत बनाई है, तब संपत्ति उसी के अनुसार बांटी जाती है। अगर वसीयत में कोई गड़बड़ी या विवाद है, या अगर वसीयत ही नहीं है, तो 1925 का इंडियन सक्सेशन एक्ट लागू होता है।ज संपत्ति और वसीयत पर शायद किसी ने खूब लिखा है, ÷अगर लिखोगे वसीयत अपनी, तो जान पाओगे ये हकीकत। तुम्हारी अपनी ही मिल्कियत में, तुम्हारा हिस्सा कहीं नहीं है।÷

प्रसिद्ध लोगों की संपत्ति का बंटवारा अक्सर विवादों के घेरे में रहता है। हाल ही में करिश्मा कपूर और उनके पूर्व पति, उद्योगपति संजय कपूर की संपत्ति को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में चल रहे विवाद ने समाज और कानूनी व्यवस्था के कई पहलुओं को उजागर किया है। इस संपत्ति विवाद का विश्लेषण करने पर यह साफ़ होता है कि न सिर्फ़ कपूर परिवार बल्कि पूरे देश के अनेक धनी परिवारों में यह समस्या आम है और अक्सर इसमें परिवारजनों के निजी रिश्ते और कानूनी पेचिदगियां उलझ जाती हैं।

संजय कपूर की मौत के बाद उनकी संपत्ति, जिसका मूल्य लगभग 30,000 करोड़ रुपये आंका जाता है, को लेकर करिश्मा कपूर की बेटी समायरा और बेटा कियान ने अपनी सौतेली माँ प्रिया सचदेव कपूर और अन्य पर आरोप लगाया कि वे दोनों बच्चों के अधिकारों को हड़प रही हैं। उन्होंने कोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें संजय कपूर के अंतिम वसीयत की वैधता को भी चुनौती दी गई है। बच्चों के वकील ने आरोप लगाया कि ÷वसीयत में गंभीर गलतियाँ हैं तथा उसे मरने के सात हफ्ते बाद ही प्रस्तुत किया गया।÷

बच्चों का कहना है कि उनके पिता ने उन्हें उनकी हिस्सेदारी का आश्वासन दिया था, लेकिन अचानक पेश की गई वसीयत में उनकी संपत्ति का कोई ज़िक्र नहीं है। दूसरी तरफ, प्रिया सचदेव कपूर की ओर से दावा किया गया है कि समायरा और कियान को पहले ही आर. के. परिवार ट्रस्ट के माध्यम से 1900 करोड़ रुपये दिये जा चुके हैं। लेकिन बच्चों के अनुसार उन्हें अभी तक उस धन की कोई भी किश्त नहीं मिली है। इस गंभीर कानूनी लड़ाई में संजय कपूर की मां, रानी कपूर ने भी अपनी बहू प्रिया के विरुद्ध अदालत में आरोप लगाए हैं कि वसीयत में गड़बड़ी हुई है और उनकी सहमति के बिना संपत्ति का हस्तांतरण किया जा रहा है।

भारत में संपत्ति विरासत के मुख्यतः दो आधार होते हैं। वसीयतनामा (विल) और उत्तराधिकार कानून (सक्सेशन लॉ)। यदि किसी व्यक्ति ने वैध वसीयत बनाई है, तब संपत्ति उसी के अनुसार बांटी जाती है। अगर वसीयत में कोई गड़बड़ी या विवाद है, या अगर वसीयत ही नहीं है, तो 1925 का इंडियन सक्सेशन एक्ट लागू होता है। ज्यादातर संपत्ति विवाद इन स्थितियों में आते हैं, वसीयत की प्रमाणिकता (छेड़छाड़ या जबरन तैयारी), सभी वैध उत्तराधिकारियों को उनका हक़ न मिलना, वसीयत के कानूनी तकनीकी मुद्दे (साक्ष्य, गवाह, तिथि या चिकित्सीय स्थिति) या परिवार के भीतर भावनात्मक और सामाजिक टकराव।

सुप्रीम कोर्ट ने कई मामलों में पारिवारिक संपत्ति विवादों पर फैसले दिए हैं, जो भारत में वसीयत और उत्तराधिकार कानून को स्पष्ट करते हैं। इनमें संयुक्त वसीयत की वैधता और उत्तराधिकारियों को उचित हिस्सा देने के दिशा-निर्देश शामिल हैं। कुछ मामलों में अदालतों ने संयुक्त वसीयत को मान्यता देते हुए उत्तराधिकारियों को मुआवजा भी दिया है।

संपत्ति विवाद को सुलझाने के लिए अदालत सबसे पहले वसीयत की प्रमाणिकता की जांच करती है। वसीयत को नियमित रूप से कानूनी तौर पर पंजीकृत होना चाहिए और उसके साक्ष्य होने चाहिए (गवाहों की उपस्थिति, दस्तावेज़ की तिथि, संपत्ति का स्पष्ट उल्लेख)। अगर वसीयत वैध साबित होती है, तो संपत्ति उसी के अनुसार बाँटी जाती है। यदि वसीयत साबित नहीं होती या कोई ग़लतफ़हमी होती है, तब अदालत उत्तराधिकार कानून के अनुसार बहनों, बच्चों, पत्नी, माता-पिता आदि को संपत्ति में समान हिस्सा देती है।

देश के कई अमीर और बड़े परिवारों में विरासत का विवाद पुराना है। अम्बानी, मोदी, ओबेरॉय, कपूर इत्यादि परिवारों में धन और वर्चस्व की लड़ाई कानून और मीडिया के केंद्र में आई है। मुख्य कारण हैं, परिवार में संवाद की कमी और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा, पारिवारिक ट्रस्ट और जटिल शेयरधारिता संरचनाएँ, जिस व्यक्ति की सम्पत्ति है, उसकी अंतर्निहित इच्छा स्पष्ट न होना या कानूनी दस्तावेज़ों की तकनीकी गलतियाँ तथा खुदगर्जी।

इन घटनाओं से समाज और कानून के लिए कुछ महत्वपूर्ण सबक हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी वसीयत स्पष्ट, पारदर्शी और कानूनी रूप से दर्ज करानी चाहिए। परिवारजनों को संवाद के ज़रिए विवाद सुलझाने की कोशिश करनी चाहिए, न कि सार्वजनिक रूप से लड़ाई को बढ़ाना चाहिए। अदालतें न्याय देने में निष्पक्ष रहती हैं, लेकिन लंबी कानूनी लड़ाइयों से परिवार का नुकसान और समाज की संसाधनों की बर्बादी होती है। बड़े पैमाने पर संपत्ति की पारदर्शिता जरूरी है ताकि भावी पीढ़ी संपत्ति विवादों से बच सके।

संजय कपूर और करिश्मा कपूर के बच्चों का संपत्ति विवाद इस बात का प्रतीक है कि संपत्ति के बंटवारे का मसला केवल पैसों तक सीमित नहीं, बल्कि यह रिश्तों, विश्वसनीयता और सामाजिक पहचान से भी जुड़ा है। भारत में वसीयत और संपत्ति का बंटवारा केवल क़ानून का सवाल नहीं, बल्कि यह परिवार की संस्कृति, संवाद और इमानदारी का भी प्रतिबिंब है। जिस समाज में पारदर्शिता और न्याय को प्राथमिकता मिलेगी, वही अपने भविष्य की पीढ़ियों को सुरक्षित संपत्ति अधिकार दे सकेगा। संपत्ति और वसीयत पर शायद किसी ने खूब लिखा है, ÷अगर लिखोगे वसीयत अपनी, तो जान पाओगे ये हकीकत। तुम्हारी अपनी ही मिल्कियत में, तुम्हारा हिस्सा कहीं नहीं है।

## शब्द सामर्थ्य -202


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान विदेशमंत्री 6. हित, उपकार 7. [illegible], पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. [illegible] पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. [illegible] करना, ना करना 14. पिता, [illegible], सम्मानीय व्यक्ति 15. हाथ पर लगाने वाला [illegible] 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रूप से युक्त, चिह्न, लक्षण, [illegible], एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. [illegible] 9. विवश, लाचार 11. मानदंड, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. [illegible], पशुओं को रखने की जगह 19. बलवान, ताकतवान, बलशील 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, कम, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. [illegible] एवं विशाल पशु।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक201का हल



## सू- दोकू क्र.202

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1से9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.201का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सामयिक चर्चा

### राहुल गांधी की परवशता

बानी बोले- 'सुनिए गजाधर! आज की खबर -
'अमेरिकी सिंगर मेरी मिलबेन में
प्रधानमंत्री मोदी जी का
समर्थन किया खुलकर!
और लोकसभा में नेता विपक्ष
राहुल गांधी पर तंज कसा जमकर !
सिंगर मेरी मिलबेन ने कहा कि
भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
न तो ट्रम्प से डरते हैं,
और ना ही किसी
विदेशी दबाव में झुकते है ।'
मेरी मिल बेन पहले भी
मोदी जी के समर्थन में स्पष्ट बोल चुकी है!
उन्होंने 17 अक्टूबर को प्लेटफार्म एक्स पर
राहुल गांधी को टैग कर
ठेठ लिखा - 'आप गलत है राहुल गांधी!'
पीएम मोदी, राष्ट्रपति ट्रम्प से नहीं डरते हैं!
मोदी जी लम्बी रणनीति के साथ सोचते है!
अमेरिका के साथ उनकी डिप्लोमेसी रणनीतिक है!
जैसे राष्ट्रपति ट्रम्प हमेशा अपने देश के
हित को प्राथमिकता देते हैं,
वैसे ही मोदी भी भारत के हित को सर्वोपरि रखते है!
आगे उन्होंने राहुल गांधी पर सद्कास्टिक लिखा-
'आप इस तरह के नेतृत्व को संभाल नहीं पाएंगे,
क्योंकि जो किसी प्रधानमंत्री में होनी चाहिए,
आपके पास वह 'योग्यता नहीं हैं!'
गजाधर ! मुझे लगता है मेरी का कहना सही है!
तो मैं आपसे यह पूछता हूँ,
विपक्ष के नेता को, जैसे राजनीति के विद्वान,
होना चाहिए, वैसा राहुल गांधी
क्यों नहीं हो पाते हैं?'
गजाधर मुस्कुराए, बोले - 'वो इसलिए बानी!
कि राहुल का संस्कार और उनके
पोषित घमण्ड, उनके आड़े आ जाते है।'



**गिरीश बख्शी**

## राशिफल



**मेष**

आज आपको आराम करने की जरूरत है, वरना थकान महसूस हो सकती है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जरूरत के हिसाब से चीजें जीवन में वस्तुएं उपलब्ध होंगी। सेहत अच्छी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धन की स्थिति को लेकर मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं।



**वृष राशि**

आज आपको अपने प्रिय व्यक्ति के साथ समय गुजारना चाहिए। आपके मन में पैसों को जल्दी कमाने का तीव्र इच्छा हो सकती है। मानसिक शांति प्राप्त करेंगे। यात्रा का योग हैं। व्यावसायिक रूप से आप अच्छे रहेंगे। ऑफिस में अनुकूल परिणाम प्राप्त होंगे।



**मिथुन**

आज आपको ऑफिस व घर में कुछ तनाव का सामना करना पड़ सकता है। पैसों से जुड़ी परेशानी हो सकती है। आर्थिक रूप से आप खुद को बेहतर करने की कोशिश करेंगे और सफलता भी पाएंगे। व्यापार के लिहाज से दिन अनुकूल है। परिवार के सदस्यों का साथ मिलेगा और वे आपकी बात सुनेंगे।



**कर्क**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। किसी को भी धन उधार देने से बचना चाहिए, वरना वापसी में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय गुजारेंगे और आपको सरप्राइज भी मिल सकता है। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग मिलेगा।



**सिंह**

आज आपकी प्रभावशाली लोगों से मुलाकात हो सकती है। जैसा आप चाहेंगे, वैसा पाएंगे। हालांकि आज धन की कमी का अनुभव कर सकते हैं, लेकिन शाम तक स्थितियां आपके अनुकूल हो जाएंगी। ऑफिस में आपको लोगों के साथ गपशप करने से बचना चाहिए, क्योंकि इसमें आपका ज्यादातर समय बर्बाद होता है।



**कन्या**

आज आपको अपनी सभी परेशानियों का हल मिल सकता है। निवेश फायदेमंद रहेगा। परिवार के सदस्यों पर आपका कंट्रोल रखने वाला स्वभाव बेवजह वाद-विवाद को जन्म देगा। किसी शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है। मेहनत का पूरा फल मिलेगा।



**तुला**

आज आपको कार्यों में सफलता मिलेगी। ऑफिस में आपके विचारों की तारीफ हो सकती है। व्यक्तित्व में निखार आएगा और मेहनत रंग लाएगी। आप अपना खाली समय धार्मिक कार्यों में बिताने का विचार बना सकते हैं। इस दौरान बेवजह के विवादों में न पड़ें। f



**वृश्चिक**

आज आपको अपनी फीलिंग्स पर कंट्रोल रखना होगा। आर्थिक रूप से आप परेशानी का सामना कर सकते हैं। रोमांस के लिहाज से दिन अच्छा रहने वाला है। सेहत में सुधार होगा। व्यापारिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। जीवनसाथी का साथ मिलेगा।



**धनु**

आज आप खरीदारी करने के साथ कहीं घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं। दिन की शुरुआत ध्यान और योग से करने से आपको लाभ होगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी, लेकिन आपको ध्यान रखना होगा कि ज्यादा खर्चा न करें। आज परिवार के साथ समय बिताना जरूरी है।



**मकर**

आज आप अपने शौक पूरे कर सकते हैं। किसी करीबी की सलाह से आर्थिक लाभ होने की संभावना है। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में सुधार होगा। बहुत बड़े निवेश से दूरी बनाए रखें, वरना नुकसान हो सकता है। व्यापारियों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है।



**कुंभ**

आज आपके जीवन में खुशियों का आगमन होगा। आपके विचारों को सीनियर्स समझेंगे और तारीफ भी करेंगे। ऑफिस में कलीग का सहयोग मिलेगा, जिससे काम जल्दी निपट सकता है। भाग्य का साथ मिलेगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर हो सकती है और बचत करने में सफल हो सकते हैं।



**मीन**

आज दोस्तों का साथ मिलेगा। व्यापार में मुनाफा आज कई व्यापारियों के चेहरों पर खुशी ला सकता है। आज आप अपनों के बीच खुशियां बांटेंगे। यात्रा लाभकारी रहेगी। शिक्षा से जुड़े लोगों को अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। धन लाभ की संभावना है। व्यावसायिक रूप से स्थिति अच्छी रहेगी।

# छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय महापंचायत का आव्हान

- 24 अक्तुबर शुक्रवार को (कंवर भवन) रेवाडीह वार्ड नं. 22 राजनांदगांव में बैठक
- मामला - नवरात्रि पर्व के दौरान आदिवासी समाज द्वारा पंचमी भेंट के बाद हुए विवाद का

डोंगरगढ़(दावा)। नवरात्रि पर्व के दौरान आदिवासी समाज द्वारा की गई पंचमी पूजा को लेकर मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति और आदिवासी समाज के मध्य चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति द्वारा गर्भगृह में प्रवेश कर की गई पूजा अर्चना पर विरोध दर्ज कराते हुए अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने वालों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिला प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने के विरोध में ट्रस्ट समिति द्वारा आदिवासी समाज की अनुपस्थिति में सर्व हिंदू समाज की बैठक बुलाकर आदिवासी समाज को बरगलाने वाले एवं मंदिर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर पूजा करने वालों के खिलाफ जय श्री राम के नारे लगाते हुए शहर में मौन रैली निकाली गई और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था। इस घटना को जिला सर्व आदिवासी समाज ने समाज को बदनाम करने का षड्यंत्र करार देते हुए प्रदेश स्तरीय सामाजिक बैठक बुलाने का निर्णय लिया है।

सर्व आदिवासी समाज के जिला सचिव राहुल नेताम द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति में बताया गया है कि, राष्ट्रीय गोंडवाना गोंड महासभा, अखिल भारतीय हल्बा/हल्बी आदिवासी समाज छ.ग. केन्द्रीय महासभा, प्रदेश गोंडवाना गोंड महासभा छ.ग. अध्यक्ष लांजीगढ़ मध्यप्रदेश, अध्यक्ष चांदागढ़ महाराष्ट्र, केंद्रीय गोंडवाना महासभा धमधागढ़, गोंड समाज महासभा मोहला, कंवर समाज महासभा राजनांदगांव, ध्रुव गोंड समाज महासभा ओडारबांध, कोयतूर गोंड समाज, गोंडवाना गोंड महासभा राजनांदगांव, उरावं समाज, कंडरा समाज, बैगा समाज, प्रधान गॉड समाज, गोंडवाना यूथ क्लब राजनांदगाँव, पारधी समाज, गोंडवाना यूथ क्लब डोंगरगढ़, सोनझरी समाज समस्त आदिवासी पदाधिकारीगण एवं समाज प्रमुख को सूचना प्रेषित कर जानकारी दी गई है कि, गोंडवाना समाज के पारम्परिक पुरातन आस्था माँ बम्लई दाई के पेन स्थल में (माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़) के द्वारा आदिवासी गोंड समाज को अनर्गल टिप्पणी / अमर्यादित / असंवैधानिक तरीके से समाज को बदनाम किया जा रहा, जिसके संबंध में महापंचायत आहूत किया जा रहा है।

### पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद नेताम के नेतृत्व में होगी बैठक

दिनांक 24 अक्टूबर को (कंवर भवन) रेवाडीह वार्ड नं. 22 राजनांदगांव में दोपहर 12 बजे आयोजित बैठक प्रधान अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम के नेतृत्व में आयोजित की गई है। बैठक में जिला अध्यक्ष जसवंत गावडे,प्रांतीय उपाध्यक्ष सुदेश टीकम मदन नेहाम , बिन्दु चंद्रवंशी, दिनेश कुरेटी ओस्कर बड़ा, देव नारायण नेताम, नरेन्द्र नेताम, ललित कुमो, सी.एन चंद्रवशी नुनकरण भूआर्य, चंद्रशेखर उईके, लेखराम चंद्रवंशी, राहुल नेताम, रामसिंग मंडलोई, हरिराम पुजेरी, गेंदलाल मंडावी एखत आचले, एच.आर. ठाकुर, कमलेश पारधी, पहिला प्रभाग श्रीमती हरिला मंडावी, श्रीमती अंजना मिंज, युवा प्रभाग नंदकुमार गोड़िया मीडिया प्रभारी मनभावन सिंह उईके प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। सभी सामाजिक बंधुओं से कहा गया है कि, समाज हित में आपकी उपस्थिति अति महत्वपूर्ण है।

# शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में दीपावली पर सुआ नृत्य आयोजित





हरदी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के विद्यार्थियों द्वारा दीपावली के अवसर पर सुआ नृत्य किया गया। प्राचार्य आर.के. देवांगन ने सर्वप्रथम सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी तथा इस लोकगीत और लोक नृत्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह नृत्य, दीपावली पर सभी को बधाई देने के लिए गाई जाती है। इस गीत में करुण रस, श्रृंगार रस तथा हास्य रस की प्रधानता होती है। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने नृत्य और गीत का संपादन व निर्देशन के अलावा छात्राओं को अभ्यास कराने में अपने महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान की। इस कार्य में व्याख्याता हर्षा देवांगन ने सहयोग प्रदान किया। व्यवस्था संबंधी सहयोग व्याख्याता पवन सिन्हा ने की।

विद्यालय के सांस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने संचालन करते हुए कहा कि, हमारे विद्यालय में इस प्रकार के विभिन्न आयोजन होते रहते हैं। जिसमें इस बार सुआ नृत्य का प्रदर्शन छात्राओं के द्वारा किया गया। इस नृत्य की विशेषता यह है कि, इसमें किसी भी वाद्य यंत्र का उपयोग नहीं होता बल्कि तालियों के थाप पर गीत गाए व नृत्य किए जाते हैं। इस गीत और नृत्य के मूल में सर्वजन सुखाय व सर्वजन हिताय की भावना होती है। कक्षा 12वीं के कुसुम, कुमकुम, अंजलि, रागनी, प्रियंका, नगमा, पारुल, प्रियंका, डिंपल, ट्विंकल व हस्ती ने अपनी योगदान दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक डीके मोहनमाला, प्राथमिक विद्यालय के प्रधान पाठक लिखन सरपा, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू, कुंदन यादव उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### ग्राम पतोरा में भाईदूज पर कबड्डी प्रतियोगिता

डोंगरगाँव(दावा)। अंचल के ग्राम पतोरा(महरूम) में प्रतिवर्षानुसार भाईदूज के अवसर पर 68वाँ वर्ष में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गुरूवार 23 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे जय बजरंग नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के लिये विभिन्न आकर्षक पुरस्कार भी घोषित किये गए हैं। प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ नगद पुरस्कार और विनर ट्रॉफी के साथ ही बेस्ट रेडर, बेस्ट कैचर, बेस्ट आलराउंडर भी पुरस्कृत होंगें।

### कर्मचारी संघ द्वारा दीपावली मिलन समारोह 22 को

हरदी (दावा)। ग्राम भंवरमरा (रेंगाडबरी) में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य पर 22 अक्टूबर को कर्मचारी संघ द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन रखा गया हैं। मनोरंजन के लिए रात्रि 10 बजे से छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी विचारपुर तिलईरवार (राजनांदगांव) का कार्यक्रम आयोजित हैं। यह जानकारी व्याख्याता माधव ठाकुर एवं शिक्षक प्यारेलाल (प्रीतम) ने दी।

### झालाटोला में 21 को छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम




छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम झालाटोला (छुरिया) में 21 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक समिति के रामचंद्र साहू ने बताया कि कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोक संगीत नाच पार्टी ग्राम मुड़माडी, पोस्ट काकोडी, तहसील देवरी, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) की प्रस्तुति होगी। समस्त ग्रामीणजनों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेने का आग्रह किया है।

### शांति और अमन से पहले युद्ध जरूर होता है - धीरेन्द्र साहू




डोंगरगढ़ (दावा)। नक्सल पीड़ित परिवार की मांगों को पूरा न कर सरकार आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को फूल देकर सम्मान कर रही है। इस पर अपनी प्रतिक्रिया में नक्सल पीड़ित परिवार के मुखिया धीरेंद्र साहू ने कहां है कि, क्या बीत रही होगी, उस परिवार में जिसके घर के चिराग को नक्सलियों ने बुझा दिया। क्या बीत रही होगी उस पुलिस परिवार में जिसके घर का लड़का शाहिद हो गया। क्या बीत रही होगी उस ग्रामीण के मन में जिसके दोस्त या पड़ोसी को मुखबिर के नाम पर गांव के सामने निर्मम हत्या कर दी गई। इन सब की परवाह न कर आज सरकार गुलाब देकर उनका आवभगत कर रही है। इनका एनकाउंटर न करके सरकार करना क्या चाहती है।

### आज विष्णुपुर में रंग धारा सुरगी का सांस्कृतिक कार्यक्रम




डोंगरगढ़(दावा)। विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम विष्णुपुर में धनतेरस के पावन अवसर पर 19 अक्टूबर दिन रविवार को गौरा गौरी गणेशोत्सव समिति के सफलतम 16वें वर्ष के उपलक्ष्य में समस्त ग्रामवासीयों के सहयोग से छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक नृत्य संस्था रंग धारा सुरगी वालो का कार्यक्रम रखा गया है। समिति के अध्यक्ष भागवत वर्मा द्वारा उक्त जानकारी प्रदान करते हुए क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय मॉक परीक्षा- शिक्षा जागरूकता की नई पहल



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। जनजाति विकास एवं उत्थान संगठन, जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के तत्वावधान में जवाहर नवोदय विद्यालय मॉक परीक्षा का सफल आयोजन संस्कार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अम्बागढ़ चौकी किया गया। इस परीक्षा का उद्देश्य ग्रामीण एवं जनजातीय अंचलों के विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के स्तर से परिचित कराना और उन्हें प्रतियोगी वातावरण में अपनी क्षमता का मूल्यांकन करने का अवसर प्रदान करना था।

इस मॉक परीक्षा में कुल 525 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों के चेहरों पर सीखने की ललक और सफलता पाने की चाह साफ झलक रही थी। आयोजन स्थल पर छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण बना रहा।

कार्यक्रम में तिलक सोरी, वित्त नियंत्रण, छत्तीसगढ़ शासन ने विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता के लिए मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास को अनिवार्य तत्व बताया। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एस. के. धीवर, मनहरण पिथौरा, कुम्भकार, अभय वाजपेयी तथा नीलकंठ कोमरे उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और इस सामूहिक पहल को ग्रामीण शिक्षा विकास की दिशा में प्रेरणादायक कदम बताया।

आयोजन की सफलता में विजय ठाकुर, सुन्दर मंडावी, भजन साहू, देव यादव, प्रेमदास साहू, मनोज चंद्रवंशी, दिलीप खरे, सुदेश ठाकुर, नितेश ठाकुर, रतन ठाकुर, लेखराम ठाकुर, लेकेश्वर ठाकुर और हेमंत गंगासागर सहित शिक्षकों एवं समाजसेवियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी ने समर्पण और सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया- प्रथम स्थान खियाती खरे, द्वितीय स्थान हंसीका, भूविक कोमरे, तृतीय स्थान धाविका नेताम, भाव्या, चतुर्थ स्थान सिमरन कंवर, काव्या ठाकुर, पंचम स्थान तेजस, शिवानी।

मॉक परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल परीक्षा की वास्तविक प्रक्रिया का अनुभव मिला, बल्कि यह भी समझ में आया कि नियमित अभ्यास, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास सफलता की कुंजी हैं।

आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार की निःशुल्क तैयारी कक्षाएँ एवं मॉक टेस्ट आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि ग्रामीण अंचलों के अधिकाधिक विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश प्राप्त कर सकें।

# आकाश उर्फ लल्ला के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही



डोंगरगढ़ (दावा)। दिनांक 18 अक्टूबर 2025 को बीड़ी कालोनी इंदिरा नगर डोंगरगढ़ के पास अनावेदक आकाश लाउत्रे उर्फ लल्ला पिता स्व. रमेश लाउत्रे उम्र 25 साल निवासी बीड़ी कलोनी इंदिरा नगर डोगरगढ़ के द्वारा अपने परिवार के साथ वाद-विवाद कर अपने मोहल्ले के लोगों को हल्ला गल्ला कर परेशान कर रहा था। जिसको आकाश लाउत्रे के परिवार वाले एवं मोहल्ले के लोगों के द्वारा समझाने पर और आक्रोशित होकर मरने मारने पर उतारू हो गया था। जिसके विरूद्ध इस्तगासा क्रमाक-162/2025 धारा- 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया है तथा आरोपी आकाश लाउत्रे आदतन बदमाश है, जिसके विरूद्ध पूर्व में थाना डोंगरगढ़ विभिन्न अपराध पंजीबद्ध होना पाया गया है।

## दीपावली खुशियों, एकता और समृद्धि का प्रतीक- श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा



**दीपों से जगमगाए हो हर घर, खुशहाली से महके हर आँगन**

राजनांदगांव (दावा)। दीपों के इस पावन पर्व दीपावली पर जिला पंचायत सभापति एवं सदस्य श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा ने जिलेवासियों को हृदय से शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल एक पर्व नहीं बल्कि अंधकार से प्रकाश असत्य से सत्य और निराशा से आशा की विजय का प्रतीक है।

श्रीमती सिन्हा ने आगे कहा कि दीपावली का त्योहार हमें एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सौहार्द्र और भाईचारे का संदेश देता है। आइए हम सब मिलकर दीपों की यह रोशनी हर घर हर दिल तक पहुँचाएँ। ताकि हमारा समाज उजाले और खुशियों से सराबोर हो सके। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि इस वर्ष दीपावली को स्वच्छ, सुरक्षित और हरित दिवाली के रूप में मनाएँ तथा स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीये और देशी उत्पादों को प्राथमिकता दें। ऐसा करने से न केवल पर्यावरण की रक्षा होगी। बल्कि स्थानीय व्यवसायों को भी बढ़ावा मिलेगा। दीपावली का असली अर्थ दूसरों के जीवन में प्रकाश लाना है, जब हम जरूरतमंदों की मदद करते हैं तो वही सच्ची दीपावली होती है। उन्होंने सभी जिलेवासियों के जीवन में समृद्धि, स्वास्थ्य और आनंद की मंगलकामना करते हुए कहा कि दीयों की रौशनी हर हृदय को आलोकित करें और आने वाला वर्ष सभी के लिए नई उम्मीदें और सफलताएँ लेकर आए।

## ग्राम मेटेपार में कल अमर ज्योति नाच पार्टी

**गौरा-गौरी उत्सव समिति की तैयारी जोरों पर, ग्रामीणों से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील**

अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के ग्राम मेटेपार में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में गौरा-गौरी उत्सव समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। समिति ने बताया कि दिनांक 20 अक्टूबर दिन सोमवार को ग्राम मेटेपार में अमर ज्योति नाच पार्टी, ग्राम कुल्हार्दो का आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीणों के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों ने जिलावासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है। इस संबंध में जानकारी शिवशंकर साहू एवं केजुराम साहू द्वारा दी गई। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन गौरा-गौरी पर्व की सांस्कृतिक परंपरा को सजीव रखने का प्रयास है, जिससे ग्रामीणों में उत्सव की भावना और आपसी एकता को मजबूती मिलेगी।

# मनेरी में पशु मेला उत्सव प्रदर्शनी एवं नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर पशुधन विकास विभाग द्वारा विकासखण्ड स्तरीय पशु मेला व प्रदर्शनी का आयोजन ग्राम मनेरी, ब्लॉक डोंगरगांव में किया गया। इस आयोजन में उन्नत नस्ल के दुधारु गाय, उन्नत नस्ल के बछड़ा, बछिया, बैल, भैंस, उन्नत नस्ल के बकरे की प्रदर्शनी के साथ विभिन्न वर्ग के लिए प्रतियोगिता हुई।

प्रतियोगिता में आसपास के बहुत पशुपालक किसानों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु शामिल हुई एवं जनपद पंचायक सदस्य जया साहू, सरपंच भीशन साहू, उपसरपंच ओंकार साहू एवं समस्त पंचगण शामिल हुए। मुख्य अतिथि की आसंदी से श्रीमती यदु सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पशु पालकों को अधिक से अधिक संख्या में उन्नत नस्ल के पशुपालन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। पशु मेला प्रदर्शनी के तहत कार्यक्रम में पहुंचे पशुओं का टीकाकरण, बधियाकरण, कृमिनाशक, किलनी का दवापान एवं गंभीर बीमारी वाले पशुओं का ब्लड सैंपल एवं गोबर की जांच के लिए सैंपल भी लिया गया। वहीं अन्य गंभीर बीमारी के लक्षण पाए जाने पर पशु चिकित्सालय से संपर्क करने की सलाह दी गई। इस मेले में डॉ.अजय शर्मा, डॉ.महेश केसरिया, डॉ.महेंद्र देशलहरे, डॉ.सुनील त्रिपाठी, डॉ.अशोक जैन एवं डॉ.आदित्य चंद्राकर, डॉ.समीर देवांगन एवं पशुपालक किसान शामिल हुए। इस अवसर पर पशु चिकित्सा विभाग से डॉ.अशोक जैन के द्वारा नवीन तकनीकों, हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी, पशुपालन व्यवसाय से अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने, स्वरोजगार हेतु राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना अन्तर्गत बकरी पालन, मुर्गी पालन आदि फार्म स्थापित करने संबंधी विषयों पर उन्नत व प्रगतिशील पशुपालकों को व्याख्यान दिये गये। कार्यक्रम में चयन समिति के निर्णायक पदाधिकारियों ने प्रत्येक वर्ग की प्रतियोगिता में पशुओं के उन्नत नस्ल व उत्तम स्वास्थ्य के आधार पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाले पशुपालकों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।

# सुवा नृत्य प्रतियोगिता में झलकी छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति



डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.व्ही.रेवती के दिशा-निर्देशन तथा संस्थागत गतिविधियां, शैक्षणिक प्रदर्शन एवं प्रसारण प्रकोष्ठ के अंतर्गत सुवा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस आयोजन के संयोजक ओ. पी. वर्मा, सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र रहे, जबकि सदस्य के रूप में डॉ. नीता राजपूत, नीलम सिन्हा, अनिमा मिंज एवं श्रीमती देवश्री देवांगन की सक्रिय भूमिका रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक सुवा पूजन के साथ हुआ। तत्पश्चात दीपक साहू (बी.ए. अंतिम वर्ष) ने भजन एवं युवराज यादव (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर) ने लोकगीत प्रस्तुत कर वातावरण को मधुर बनाया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंटकर किया गया। प्राचार्य डॉ. ई. व्ही. रेवती ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुवा नृत्य छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का प्रमुख प्रतीक है। यह नृत्य हमें प्रकृति से जुड़ाव, सहयोग एवं एकता के भाव का संदेश देता है और हमारी सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत उदाहरण है।

भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. (श्रीमती) आशा चौधरी ने भी सुवा नृत्य गीतों की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका डॉ. आर. आर. कोचे, गुलशन सिन्हा और ओ. पी. वर्मा ने निभाई। प्रतियोगिता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर वर्ग के 10 समूहों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में विजेता समूह में प्रथम स्थान मयूरी सिन्हा एवं साथी, एम.एससी. रसायनशास्त्र विभाग, द्वितीय स्थान तामेश्वरी एवं साथी, एम.ए. हिंदी प्रथम सेमेस्टर, तृतीय स्थान स्वाति एवं साथी, राजनीति विज्ञान विभाग ने प्राप्त किया।

प्राचार्य डॉ. ई. व्ही. रेवती द्वारा विजेता समूहों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त राजनीति विज्ञान विभाग की अतिथि व्याख्याता सुश्री अनिमा मिंज ने विभाग के छात्रों को 500 रु का सांत्वना पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीता राजपूत एवं छात्र विकास मेश्राम (एम.ए. हिंदी प्रथम सेमेस्टर) ने संयुक्त रूप से किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. (श्रीमती) आशा चौधरी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगणों में डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, डॉ. आर.आर. कोचे, श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी, ओ. पी. वर्मा, गुलशन सिन्हा, एच.आर. पदमे, एवलाल मेश्राम, मनीषा भेड़िया, डॉ. नौशीन अंजुम, डॉ. येशुकृति हजारे, श्रीमती मीनाक्षी साहू तथा मंजू धनकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही, जिन्होंने छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा 'सुवा नृत्य' के माध्यम से सांस्कृतिक एकता और क्षेत्रीय गौरव का संदेश दिया।

## अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी राणा वसुंधरा सिंह ने 3 स्वर्ण पदक पर कब्जा किया



डोंगरगढ़(दावा)। सहारनपुर उत्तर प्रदेश में सीनियर जूजित्सू राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे डोंगरगढ़ की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी राणा वसुंधरा सिंह ने तीन अलग-अलग इवेंट में 3 स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। 63 किलोग्राम नेवाजा में सभी मैच नॉकआउट करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया साथी फाइटिंग सिस्टम में भी स्वर्ण पदक प्राप्त इसके अलावा टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

वही डोंगरगढ़ की एक और होनहार खिलाड़ी निधि वर्मा ने 57 किलोग्राम नेवाजा में फाइनल में मध्य प्रदेश को नॉकआउट में हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया, फाइटिंग सिस्टम में रजत पदक प्राप्त किया इसके अलावा टीम इवेंट में स्वर्ण पदक प्राप्त किया पुरुष वर्ग में 56 किलोग्राम वजन समूह में नेवाजा में अनुज दम्मानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया वही कांटेक्ट फाइट में रजत पदक प्राप्त किया।डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में सभी विजेता खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया जिसमें जिला संघ के सचिव तरुण वरकडे प्रदेश सह सचिव बाबूराव जनबंधु क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार नंदेश्वर, राजेश दमानी एवं बड़ी संख्या में पालक एवं खिलाड़ी उपस्थित थे। इस उपलब्धि पर जिला संघ के अध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी चंद्रहास साहू श्रीमती पूनम टेम्बुरकर त्रिलोक जांभुलकर सभी ने शुभकामनाएं दी।

# पहला कॉलम...

## पीली धातु के 2026 तक 1.5 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंचने की संभावनाः रिपोर्ट

नई दिल्ली। पिछले धनतेरस के बाद से सोने ने रुपए के संदर्भ में लगभग 63 प्रतिशत और डॉलर के संदर्भ में 53 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। शुक्रवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, 2026 तक पीली धातु के 1.5 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंचने की संभावना है।



वेंचुरा सिक्योरिटीज की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व, ईटीएफ प्रवाह और केंद्रीय बैंक की खरीदारी से मिले नरम रुख वाले संकेतों के कारण सोने में तेजी आई है। मार्च 2025 से सोने की कीमतें आसमान छू रही हैं, जो 3,000 डॉलर प्रति औंस से बढ़कर लगभग 4,254 डॉलर हो गई हैं। भारत में धनतेरस 2024 को सोने की कीमतें 78,840 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर वर्तमान में 128,200 रुपए हो गई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, धनतेरस 2025 से अगली तेजी की शुरुआत करते हुए, 5000 डॉलर प्रति औंस या 1,50,000 रुपए प्रति दस ग्राम के अनछुए स्तर 2026 में पहुंच सकता है। वेंचुरा के कमोडिटीज एवं सीआरएम प्रमुख एन.एस. रामास्वामी ने अमेरिकी श्रम बाजार में बढ़ते नकारात्मक जोखिमों पर प्रकाश डाला, जिसके कारण दरों में कटौती जरूरी हो गई है। रामास्वामी ने कहा, आर्थिक आंकड़ों (रोजगार और मुद्रास्फीति) में देरी के कारण ध्यान फेड अध्यक्ष पॉवेल पर है, जिन्होंने संकेत दिया था कि बढ़ते श्रम बाजार जोखिम एक और दर कटौती को उचित ठहराते हैं। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका को अपने ऋण भुगतान की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और उसका राष्ट्रीय ऋण बढ़कर 37 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार तनाव बढ़ गया है क्योंकि चीन ने रेयर अर्थ मेटल और मैग्नेट पर कड़े निर्यात प्रतिबंधों की घोषणा की है, जो इन महत्वपूर्ण संसाधनों के दुनिया के सबसे बड़े सप्लायर हैं। इस बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका ने चीनी आयात पर मौजूदा 30 प्रतिशत के अतिरिक्त 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जिससे सोने की मांग में तेजी आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन अनुकूल परिस्थितियों के चलते सोने में लगातार आठ साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई है। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी निवेशकों के विश्वास और एफओएमओ की प्रबल भावना को बढ़ावा दे रही है, क्योंकि हर गिरावट का सामना आक्रामक खरीदारी से हो रहा है।

## भुल्लरः रिश्वतखोरी में गिरफ्तार भुल्लर पर पंजाब सरकार का बड़ा एक्शन, अब नौकरी पर आ गई बात

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को निलंबित कर दिया है। गृह विभाग ने यह कार्रवाई की है। पंजाब पुलिस के रोपड़ रेंज के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को सीबीआई चंडीगढ़ ने वीरवार को एक स्क्रैप डीलर से 8 लाख रुपये रिश्वत लेने के मामले में मोहाली से गिरफ्तार किया था। सीबीआई चंडीगढ़ की 8 टीमों ने मामले में वीरवार को अंबाला, मोहाली, चंडीगढ़ और रोपड़ सहित 7 ठिकानों पर रेड की। डीआईजी भुल्लर के ऑफिस, घर, फार्म हाउस और अन्य ठिकानों को सीबीआई ने खंगाला।



डीआईजी भुल्लर की चंडीगढ़ कोठी से साढ़े सात करो? कैश मिला है। यह कैश 3 बैग और एक सूटकेस में भरा हुआ था। इसके अलावा सोने के गहने, 22 मंहगी बेशकीमती घड़ियां, बैंक के लॉकरों की चाबियां, 40 लीटर विदेशी शराब बरामद हुआ था। डीआईजी भुल्लर 2007 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। डीआईजी भुल्लर के पिता महल सिंह भुल्लर पंजाब के डीजीपी रह चुके हैं।

## पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर ने फिर उगला जहर, भारत को परमाणु युद्ध की दी गीदड़भभकी

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर ने शनिवार को फिर एक बार भारत के खिलाफ भड़काऊ बयान दिया है। मुनीर ने चेतावनी दी कि अगर सीमा पर तनातनी बढ़ी तो पाकिस्तान निर्णायक जवाब देगा और भारत को ऐसे सैन्य व आर्थिक नुकसान उठाने होंगे, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने यह बयान पाकिस्तान सैन्य अकादमी (पीएमए) काकुल, खैबर पख्तूनख्वा में आयोजित पासिंग आउट परेड में दिया। असीम मुनीर ने कहा, मैं भारतीय सैन्य नेतृत्व को सख्त चेतावनी देता हूं कि परमाणु हथियारों से लैस माहौल में युद्ध की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर कोई नया टकराव शुरू हुआ तो पाकिस्तान उम्मीद से कहीं ज्यादा कड़ा और बड़ा जवाब देगा। उन्होंने दावा किया कि इस संघर्ष का जिम्मेदार भारत ही होगा और नतीजे पूरे क्षेत्र के लिए विनाशकारी होंगे। मुनीर ने और भी उकसाने वाले लहजे में कहा, भारत पाकिस्तान के साथ अपने मसले अंतरराष्ट्रीय मानकों और समानता के आधार पर सुलझाए।

# पाकिस्तानी एयर स्ट्राइक में 3 अफगान क्लब क्रिकेटरों की मौतः अफगानिस्तान ने ट्राई सीरीज में खेलने से किया इनकार

नई दिल्ली। पाकिस्तान और अफगानिस्तान तालिबान के बीच चल रहा तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को इस्लामाबाद और काबुल के 48 घंटे के सीजफायर को आगे बढ़ाने की सहमति के कुछ देर बाद ही पाकिस्ता ने अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक किया। इस हमले में अफगानिस्तान के तीन क्रिकेटरों की मौत हो गई है।

पाकिस्तान ने यह हवाई हमला अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत के जिलों में किया है। हवाई हमलों में कथित तौर पर देश के उरगुन और बरमल जिलों के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया, जिससे बड़ी संख्या में नागरिक हताहत हुए।

### एसीबी ने जताया दुख

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने तीन क्रिकेटरों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए पाकिस्तान के साथ आगामी त्रिकोणीय टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से नाम वापस लेने की घोषणा की। एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में एसीबी ने कहा, ÷अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड पक्तिका प्रांत के उरगुन जिले के बहादुर क्रिकेटरों की दुखद शहादत पर गहरा दुख और शोक व्यक्त करता है, जिन्हें आज शाम पाकिस्तानी शासन द्वारा किए गए कायरतापूर्ण हमले में निशाना बनाया गया।



### दोस्ताना क्रिकेट में भाग लेने गए थे खिलाड़ी

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि की कि खिलाड़ी पहले एक दोस्ताना क्रिकेट मैच में भाग लेने के लिए पक्तिका प्रांत की राजधानी शाराना गए थे। उरगुन में घर लौटने के बाद, एक स्थानीय सभा के दौरान उन्हें निशाना बनाया गया। इस हमले में कबीर, सिबगतुल्लाह और हारून नाम के ये खिलाड़ी मारे गए।

बोर्ड ने कहा, इस हृदयविदारक घटना में, तीन खिलाड़ी (कबीर, सिबगतुल्लाह और हारून) और उरगुन जिले के पांच अन्य देशवासी मारे गए, और सात अन्य घायल हो गए। खिलाड़ी पहले एक दोस्ताना क्रिकेट मैच में भाग लेने के लिए पक्तिका प्रांत की राजधानी शाराना गए थे। उरगुन में घर लौटने के बाद, एक सभा के दौरान उन्हें निशाना बनाया गया।

### नवंबर में होने वाले ट्राई सीरीज में खेलने से किया इनकार

एसीबी ने आगे कहा, ÷एसीबी इसे अफगानिस्तान के खेल समुदाय, उसके एथलीटों और क्रिकेट परिवार के लिए एक बड़ी क्षति मानता है।

इस घटना के बाद, एसीबी ने घोषणा की कि वह नवंबर के अंत में होने वाली त्रिकोणीय टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भाग नहीं लेगा, जिसमें अफ़ग़ानिस्तान, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल थे। इससे पहले शुक्रवार को, टोलो न्यूज़ की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के दक्षिण-पूर्वी पक्तिका प्रांत में कई हवाई हमले किए, जिससे दोनों पड़ोसी देशों के बीच हाल ही में हुए युद्धविराम समझौते का उल्लंघन हुआ।ये घातक हमले दोनों देशों के बीच कई दिनों तक चली भीषण सीमा पार झड़पों के बाद 48 घंटे के युद्धविराम समझौते के बीच हुए हैं।

## फीफा रैंकिंग में भारत 136वें स्थान पर खिसका, स्पेन शीर्ष पर

नई दिल्ली । अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय फुटबॉल टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी है। पुरुष सीनियर राष्ट्रीय टीम फीफा विश्व रैंकिंग में 136वें स्थान पर खिसक गई है। नवंबर 2016 के बाद से भारतीय टीम का यह सबसे निचला स्थान है। शुक्रवार को जारी नई रैंकिंग ने भारतीय टीम की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। भारतीय टीम 2026 फीफा विश्व कप और 2027 एएफसी एशियाई कप दोनों की दौड़ से बाहर हो गई है। इंटरकांटिनेंटल कप, सैफ चैंपियनशिप और ट्राई-नेशन सीरीज में 2023 की जीत के बाद एक उभरती हुई टीम के रूप में देखी जाने वाली भारत की किस्मत पिछले एक साल में तेजी से गिरी है। इस साल की शुरुआत में कतर में हुए एएफसी एशियन कप में भारत का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। ग्रुप चरण में तीन हार के साथ बिन एक भी गोल किए टीम बाहर हो गई।




इसके बाद से टीम संघर्ष करती रही है। दो साल से कम समय में तीन मुख्य कोच बदल चुके हैं। सबसे पहले इगोर स्टिमैक को बाहर का रास्ता दिखाया गया, उनके बाद मनोलो मार्केज आए। इस साल की शुरुआत में खालिद जमील को जगह दी गई। जमील के नेतृत्व में प्रगति की झलकियां दिखाई देने के बावजूद, विशेष रूप से सीएएफए नेशंस कप के दौरान, एक मैत्रीपूर्ण टूर्नामेंट जहां भारत ने रणनीतिक सुधार दिखाया, प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में परिणाम निराशाजनक रहे हैं। टीम की किसी प्रतिस्पर्धी मैच में आखिरी जीत लगभग एक साल पहले नवंबर 2023 में कुवैत पर 1-0 की जीत के साथ हुई थी। वैश्विक स्तर पर स्पेन ने फीफा पुरुष रैंकिंग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, जो विश्व कप विजेता अर्जेंटीना और तीसरे स्थान पर मौजूद फ्रांस से आगे है। इंग्लैंड, पुर्तगाल, नीदरलैंड, ब्राजील और बेल्जियम शीर्ष आठ में शामिल हैं। लक्जमबर्ग और उत्तरी आयरलैंड पर लगातार क्वालीफाइंग जीत के बाद जर्मनी दो स्थान ऊपर चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गया, जबकि 2018 विश्व कप उपविजेता क्रोएशिया चेक गणराज्य के खिलाफ ड्रॉ के बाद 11वें स्थान पर खिसक गया।

## विश्व जूनियर चैंपियनशिपः तन्वी शर्मा 17 साल में पदक पक्का करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं

गुवाहाटी । तन्वी शर्मा 17 साल में 2025 बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में पदक पक्का करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई। उन्होंने नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में जापान की साकी मात्सुमोतो को हराकर लड़कियों के एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 16 वर्षीय तन्वी ने दबाव में भी अपना संयम बनाए रखा और अपने क्रॉस-कोर्ट स्लाइस हिट्स से विजयी गोल दागे और 47 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मात्सुमोतो को 13-15, 15-9, 15-10 से हराया। इस क्वार्टर फाइनल ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। विश्व जूनियर पदक जीतने वाली आखिरी भारतीय महिला खिलाड़ी साइना नेहवाल थीं, जिन्होंने 2008 में पुणे में हुए टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता था। साइना, जिन्होंने 2006 में रजत पदक जीता था, और अपर्णा पोपट (1996 रजत) प्रतियोगिता के इतिहास में पोडियम पर पहुंचने वाली एकमात्र अन्य भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।



शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता था, ने आक्रामक शुरुआत की और ऐसा लग रहा था कि वह नियंत्रण में हैं क्योंकि उन्होंने 10-6 की बढ़त बना ली थी। लेकिन गलतियों की झड़ी ने मात्सुमोतो को वापसी करने का मौका दिया और जापानी खिलाड़ी ने लगातार सात अंक जीतकर बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी ने बढ़त तो बना ली, लेकिन गेम हारने से नहीं बच सकीं। यूएस ओपन की फाइनलिस्ट दूसरे गेम में अपने शॉट चयन को लेकर ज्यादा सहज थीं और उन्होंने 15-9 से जीत हासिल की। हालांकि, तीसरे गेम की शुरुआत में गलतियों ने उन्हें एक बार फिर पीछे धकेल दिया और उन्हें मुकाबला गंवाना पड़ा। तन्वी का अगला मुकाबला चीन की लियू सी या से होगा।

## शॉटगन शूटिंग : जोरावर संधू ने एथेंस विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा का कांस्य पदक जीता

नई दिल्ली। जोरावर सिंह संधू ने 48 साल की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व चैंपियनशिप शॉटगन 2025 में पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। संधू ने ये खिताब अपना पहला सीनियर विश्व खिताब जीतने के 27 साल बाद जीता है।

शुक्रवार को ग्रीस के एथेंस स्थित मलाकासा शूटिंग रेंज में निशानेबाजी करते हुए भारतीय निशानेबाज ने बारिश, परछाई और सबसे अनुपयुक्त बिब नंबर को पार करते हुए 50 शॉट के फाइनल में पहले 40 में से 31 निशाने साधे। वह पूर्व ओलंपिक चैंपियन और अब विश्व चैंपियन क्रोएशिया के जोसिप ग्लासनोविक (जिन्होंने 44 हिट के साथ स्वर्ण पदक जीता) और जूनियर विश्व चैंपियन स्पेन के एंड्रेस गार्सिया (जिन्होंने 39 का स्कोर के साथ रजत पदक जीता) से पीछे रहे। मुकाबले के बाद जोरावर संधू ने कहा, यह एक शानदार अनुभव था। शूटिंग के लिए यह एक कठिन रेंज और कठिन परिस्थितियां थीं, लेकिन इसी वजह से हम यहां हैं। मैं अपने परिवार, अपने कोचों और टीम के साथियों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष, कलिकेश नारायण सिंह देव ने परिणाम आने के बाद कहा, यह भारतीय निशानेबाजी के लिए एक और ऐतिहासिक क्षण है, जिसमें जोरावर ने हमें ट्रैप में केवल दूसरा व्यक्तिगत विश्व चैंपियनशिप पदक जीतने में मदद की। यह हमारी निशानेबाजी टीम के आत्मविश्वास के स्तर को दर्शाता है कि हर अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के साथ, नई बाधाओं को पार किया जा रहा है। जोरावर को उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए पूरे अंक, और पीटर विल्सन और पूरे कोचिंग स्टाफ को भी, जिन्होंने आने के बाद से, हमारी ट्रैप टीम को बेहतर से बेहतर बनाने में मदद की है।

## एनसीएच पर हर महीने एक लाख से अधिक शिकायतें की जा रही दर्ज, प्लेटफॉर्म को लेकर मजबूत हो रहा उपभोक्ताओं का विश्वास

नई दिल्ली। केंद्र के अनुसार, राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा और निष्पक्ष व्यावसायिक व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में अपनी पहचान बनाई है। एनसीएच समय पर शिकायतों का निवारण कर उपभोक्ताओं, कंपनियों और अधिकारियों के बीच सहयोग को सुगम बनाता है। साथ ही, एनसीएच टेक्नोलॉजी का लाभ उठाकर व्यक्तियों को लंबी कानूनी प्रक्रियाओं के बिना न्याय पाने में सक्षम बनाता है।



आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने से हेल्पलाइन की पहुंच और दक्षता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। कॉल की संख्या दस गुना से भी अधिक बढ़ गई है। कॉल की संख्या दिसंबर 2015 में 12,553 से बढ़कर दिसंबर 2024 में 1,55,138 हो गई है। वहीं, मासिक शिकायत पंजीकरण की औसत संख्या 2017 में 37,062 से बढ़कर 2025 में 1,70,585 हो गई है। इसी तरह, कन्वर्जेंस पार्टनर की संख्या 2017 में 263 से बढ़कर सितंबर, 2025 तक 1,142 कंपनियों तक पहुंच गई है। इससे समय पर शिकायत निवारण के लिए सहयोगी तंत्र मजबूत हुआ है। कन्वर्जेंस पहल के तहत, कंपनियां स्वैच्छिक और निःशुल्क आधार पर राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन के साथ साझेदारी करती हैं ताकि ग्राहकों की शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। शिकायतें तुरंत भेजी जाती हैं और कंपनियों से 30 दिनों के भीतर जवाब देने की अपेक्षा की जाती है। सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, डिजिटल माध्यमों की शुरुआत के साथ, हेल्पलाइन पर लगभग 65 प्रतिशत उपभोक्ता शिकायतें ऑनलाइन और डिजिटल माध्यमों से दर्ज की जाती हैं। वॉट्सऐप के माध्यम से शिकायत पंजीकरण में वृद्धि देखी गई है, जो मार्च 2023 में 3 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2025 में 20 प्रतिशत हो गई है।

राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने जुलाई 2025 में 27 विभिन्न क्षेत्रों में 7,256 उपभोक्ता शिकायतों का समाधान कर 2.72 करोड़ रुपए के कुल रिफंड की सुविधा प्रदान की। अप्रैल 2025 में 1079 उपभोक्ता शिकायतों के निपटारे के साथ 62 लाख रुपए के कुल रिफंड प्रदान किए गए थे। इसी तरह, जुलाई 2025 के लिए ई-कॉमर्स क्षेत्र में रिफंड से संबंधित शिकायतों की सबसे बड़ी संख्या थी। इसमें 3,594 मामलों के परिणामस्वरूप 1.34 करोड़ रुपए का रिफंड हुआ। केंद्र के अनुसार, नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार 2025 के कार्यान्वयन के बाद से राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर 2 अक्टूबर 2025 तक जीएसटी मुद्दों से संबंधित 3,981 कॉल दर्ज की गई।

### भारत का औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स रियल एस्टेट क्षेत्र 2025 के पहले 9 महीनों में 28 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स (आईएंडएल) रियल एस्टेट क्षेत्र द्वारा लीजिंग 2025 के पहले नौ महीनों में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़ी है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। वैश्विक वाणिज्यिक रियल एस्टेट और निवेश फर्म सीबीआरई ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि समीक्षा अवधि के दौरान, शीर्ष आठ भारतीय शहरों - दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई, पुणे, कोलकाता और अहमदाबाद - में कुल लीजिंग 37 मिलियन वर्ग फुट रही, जबकि पिछले साल यह 28.8 मिलियन वर्ग फुट थी। रिपोर्ट में कहा गया कि इस साल के पहले 9 महीनों के दौरान कुल लीजिंग गतिविधि में दिल्ली-एनसीआर की हिस्सेदारी सबसे अधिक 11.7 मिलियन वर्ग फुट रही, इसके बाद बेंगलुरु 5.7 मिलियन वर्ग फुट के साथ दूसरे और हैदराबाद 4.6 मिलियन वर्ग फुट के साथ तीसरे स्थान पर था। कुल लीजिंग में इन तीनों शहरों की कुल हिस्सेदारी 59 प्रतिशत रही।

## प्रथम पृष्ठ का शेष.....

**सिद्धारमैया बोले- सनातनियों से दूर और.....**

का इस्तेमाल कर रहा है। मैंने मुख्य सचिव से कहा है कि वे जांच करें और देखें कि तमिलनाडु सरकार ने क्या कदम उठाए हैं। और क्या उन्हें कर्नाटक में भी लागू किया जा सकता है। इसके पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे और कर्नाटक के आईटी मिनिस्टर प्रियांक खड़गे ने 4 अक्टूबर को सीएम को लेटर लिखा था। इसमें उन्होंने राज्य के सरकारी परिसरों और सार्वजनिक स्थानों पर आरएसएस की गतिविधियों पर बैन लगाने की मांग की थी। इसके बाद राज्य मंत्रिमंडल ने 16 अक्टूबर को फैसला किया कि कर्नाटक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों पर कंट्रोल के लिए नियम बनाए जाएंगे। अगले दो-तीन दिन में ये नियम लागू हो जाएंगे। इनके तहत अब सार्वजनिक जगहों, सड़कों और सरकारी परिसरों में बिना अनुमति के पथ संचलन या शाखा नहीं लगाई जा सकेगी।

0 2 सितंबर 2023ः उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया बताया था

उदयनिधि स्टालिन ने 2 सितंबर 2023 को एक कार्यक्रम में सनातन धर्म के खिलाफ बयान दिया था। बयान देने के 4 दिन बाद यानी 7 सितंबर को उन्होंने पहली बार सफाई दी। उन्होंने कहा था, मैं किसी भी धर्म का दुश्मन नहीं हूं। मेरे बयान का गलत मतलब निकाला गया। उन्होंने कहा था कि मैं हिंदू धर्म नहीं सनातन प्रथा के खिलाफ हूं। तमिलनाडु में पिछले 100 सालों से सनातन धर्म के खिलाफ आवाजें उठ रही हैं। हम अगले 200 सालों तक भी इसके खिलाफ बोलना जारी रखेंगे। अतीत में कई मौकों पर अंबेडकर, पेरियार भी इसके बारे में बोलते रहे हैं।

**नेशनल हेराल्ड केस आगे की सुनवाई.....**

तिथि भी तय है। ईडी ने 6 सितंबर को नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कोर्ट के समक्ष दो दस्तावेज दाखिल किए थे। ईडी ने सुब्रमण्यम स्वामी की ओर से 4 जुलाई 2014 को ईडी के पास दर्ज कराई शिकायत की प्रति भी अदालत के समक्ष प्रस्तुत की थी। कोर्ट ने इन दस्तावेजों को रिकॉर्ड में लेते हुए सभी इन्हें सभी आरोपियों को उपलब्ध कराने का आदेश दिया था। मामले में सुनवाई के लिए 25 अक्टूबर की तारीख तय की थी।

**सरकार की सलाह के बिना हुई वार्ताकार....**

गठन 18 जुलाई 2011 को दार्जिलिंग में त्रिपक्षीय समझौते के तहत हुआ था। यह समझौता केंद्र सरकार, राज्य सरकार और गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम) के बीच हुआ था। इसका उद्देश्य गोरखा समुदाय की सांस्कृतिक पहचान की रक्षा करना और पहाड़ी क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास सुनिश्चित करना था। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2011 में उनकी सरकार के सत्ता में आने के बाद से पहाड़ी क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बना हुआ है और इसे बरकरार रखने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। अपने पत्र में ममता बनर्जी ने जोर देकर कहा, इस संवेदनशील मामले में किसी भी एकतरफा कदम से क्षेत्र में शांति और सद्भाव को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री से अपील की कि बिना राज्य सरकार से सलाह लिए लिए गए इस फैसले को रद्द किया जाए और केंद्र-राज्य के बीच आपसी सम्मान और संघीय भावना बनाए रखी जाए।

**ढाका में हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय.....**

और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के कर्मी भी आग बुझाने और राहत कार्य में शामिल हुए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कार्गो क्षेत्र में रखे रासायनिक पदार्थों के कारण आग को काबू में करना और भी मुश्किल हो गया। सीएएबी के एक प्रवक्ता ने बताया, सभी हवाई जहाज सुरक्षित हैं, लेकिन सभी लैंडिंग और टेकऑफ तब तक निलंबित रहेंगे जब तक स्थिति नियंत्रित नहीं होती। कम से कम नौ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को ढाका की बजाय चट्टोग्राम और सिलहट के हवाई अड्डों पर डायवर्ट किया गया। इनमें आठ उड़ानें चट्टोग्राम पहुंचीं और एक उड़ान सिलहट में लैंड की। बता दें कि यह घटना बांग्लादेश में हाल के दिनों में हुई आग की तीसरी बड़ी घटना है। मंगलवार को ढाका में एक चार मंजिला गारमेंट फैक्ट्री और केमिकल वेयरहाउस में आग लगने से 16 मजदूरों की मौत हुई और कई अन्य घायल हुए। गुरुवार को चिट्टागोंग एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन (सीईपीजेड) में आठ मंजिला फैक्ट्री पूरी तरह जल गई, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ।

**बिहार चुनाव से पहले बिखर जाएगी....**

वे एक मात्र यादव उम्मीदवार थे पर उनके साथ धोखा किया गया। पूर्व विधायक गजानंद शाही ने कहा कि पार्टी कार्यालय दलालों का अड्डा बन गया है, जहां निष्ठा नहीं, नोट का भाव चलता है। जिस तरीके से उम्मीदवारों की सूची बनाई गई, उसमें न तो संगठन की राय ली गई और न ही क्षेत्रीय संतुलन का ख्याल रखा गया। नेताओं ने इसे राहुल गांधी के साथ गद्दारी और धोखा करार दिया। कांग्रेस प्रवक्ता और रिसर्च विभाग के अध्यक्ष आनंद माधव ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देने की घोषणा की है।

उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र में लिखा है कि वह पार्टी में लगातार 2015 से संघर्षरत हैं। मीडिया में बड़े पद की नौकरी छोड़कर कांग्रेस में आए थे लेकिन पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करने के बावजूद कुछ व्यक्तियों के अहंकार को संतुष्ट नहीं कर पाए।

**पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को दी हमले की....**

घटनाएं पूरी तरह से पाकिस्तान की ओर से की गई आक्रामकता का नतीजा हैं। टोलो न्यूज के अनुसार, इस बीच पाकिस्तान का प्रतिनिधिमंडल भी दोहा पहुंच गया है, जिसमें पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और खुफिया प्रमुख असीम मलिक शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कंधार के स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि अफगान सीमा बलों और पाकिस्तानी सैनिकों के बीच झड़पों की वजह से स्पिन बोल्दक इलाके से करीब 20,000 परिवारों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान की तरफ से की गई अंधाधुंध बमबारी की वजह से ये लोग रेगिस्तानी इलाकों और अन्य असुरक्षित जगहों पर जाकर शरण ले रहे हैं, जहां बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं। इन विस्थापित परिवारों की मदद के प्रयास जारी हैं।

**आम आदमी को राहत, मुनाफाखोरों पर.....**

पहले इनकम टैक्स में छूट और फिर जीएसटी में कटौती से अर्थव्यवस्था पर कई सकारात्मक असर होगा। जीएसटी कटौती के बाद अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत की विकास दर के अनुमान को पहले के मुकाबले बढ़ाते हुए 6.6 प्रतिशत कर दिया है। देश में स्वदेशी की भावना का संचार हुआ है। तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत के निर्यात में बढ़ोतरी हो रही है। वैष्णव ने कहा कि जीएसटी की दरों में कटौती से मोबाइल फोन से लेकर टीवी, एसी जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम की बिक्री में 20-25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग में दहाई अंक में बढ़ोतरी हो रही है जिसका असर रोजगार पर भी दिखेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में पहले से ही 25 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला हुआ है।

**बिहार चुनाव के पहले चरण की**

बागी उम्मीदवार का नामांकन रद किया गया है। पहले चरण में सारण जिले की मढ़ौरा विधानसभा सीट से एनडीए को मतदान से पहले ही बड़ा झटका लगा है। एनडीए समर्थित लोजपा (रामविलास) की उम्मीदवार व भोजपुरी अभिनेत्री सीमा सिंह का नामांकन रद हो गया है। कागजातों में कमियां और तकनीकी त्रुटियां मिलने के बाद नामांकन पत्र रद कर दिया है।

## ग्राम टाटेकसा में कलश यात्रा एवं दीपदान उत्सव का भव्य आयोजन



प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अपूर्ण आवास हितग्राहियों को किया गया प्रेरित

अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत ग्राम पंचायत टाटेकसा में शुक्रवार को कलश यात्रा एवं दीपदान महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवास हितग्राहियों को निर्धारित समयसीमा में अपने आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित करना था।

इस अवसर पर स्व-सहायता समूह की दीदियों एवं पूर्ण आवास लाभार्थियों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई, जो पूर्ण आवास हितग्राहियों के घर से प्रारंभ होकर अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवास हितग्राहियों के घरों तक पहुंची। यात्रा के दौरान दीपदान कर अपूर्ण आवास हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया गया कि वे भी निर्धारित अवधि में अपना घर पूर्ण करें, ताकि प्रधानमंत्री आवास योजना के संकल्प 'हर परिवार को पक्का घर' को साकार किया जा सके।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत टाटेकसा की सरपंच श्रीमती राजिम बाई तारम, पंचायत सचिव श्याम कुमार यादव, पंचगण, ग्रामीणजन, पीआरपी श्रीमती ललिता साहू, सीआरपीईपी श्रीमती रंजना मेश्राम, एफएलसीआरपी श्रीमती रेखा कसारे सहित बड़ी संख्या में सक्रिय महिलाएं एवं उत्साही नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उत्साह और सहभागिता का माहौल देखने लायक था। ग्रामीणों ने दीपदान एवं कलश यात्रा के माध्यम से एकजुट होकर संदेश दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब हर पात्र हितग्राही का आवास समय पर पूर्ण होगा।

## भारी भरकम बिजली बिल से जनता त्रस्त भाजपा सरकार ने दिया 440 वोल्ट का झटका

खैरागढ़ (दावा)। स्मार्ट मीटर और बदले नियमों की आड़ में भाजपा सरकार ने जनता पर बिजली बिल के नाम पर 440 वोल्ट का झटका दे डाला है। प्रदेशभर में उपभोक्ता दो से चार गुना तक बढ़े हुए बिलों से हलकान हैं। लोगों का कहना है, कि बिल आधा करने का वादा अब दोगुना बोझ बनकर सिर पर टूट पड़ा है।



विधायक प्रतिनिधि एवं केसीजी जिला कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष पद की प्रबल दावेदार मनराखन देवांगन ने तीखे शब्दों में सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में बिजली बिलों की भारी वृद्धि से आम जनता के होश उड़ गए हैं। पिछले दो महीनों से उपभोक्ताओं को हजारों रुपए तक के बिल थमाए जा रहे हैं, जिससे जनता में भारी आक्रोश और असंतोष है। देवांगन ने कहा कि कांग्रेस सरकार की 'बिजली बिल हाफ योजना' के तहत 400 यूनिट तक आधा बिल देना होता था, जिससे लाखों परिवारों को राहत मिली थी। लेकिन भाजपा सरकार ने उस राहत को 'कटौती' में बदल दिया है, अब केवल 100 यूनिट तक की छूट दी जा रही है, वह भी दिखावे के लिए।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा भाजपा सरकार ने जनता की जेब में आग लगा दी है। 101 यूनिट खपत होते ही पूरा बिल वसूल लिया जा रहा है। यह राहत नहीं, जनता के साथ सीधा धोखा है। देवांगन ने कहा कि पिछले दो माह से बिजली बिलों की मार से प्रदेश की जनता परेशान है, लेकिन सरकार न सुन रही है, न देख रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने कांग्रेस की राहत देने वाली योजना खत्म कर दी और अब लोगों को कर्ज और चिंता के अंधेरे में धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार जनता की नहीं कंपनियों की सुन रही है। बिजली के नाम पर जो हो रहा है वह लूट का नया मॉडल है। जनता अब सब समझ चुकी है और आने वाले दिनों में इस करंट वाली सरकार को जवाब जरूर देगी।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 वर्ष से 70 वर्ष आयु के 174 वृद्धजनों का नेत्र जांच कर चश्मा वितरण किया गया। इसके साथ ही वरिष्ठजनों का बीपी, मधुमेह सहित अन्य जांच की गई। शिविर में वार्ड पार्षद श्रीमती अपूर्वा श्रीवास्तव, समीर श्रीवास्तव, जिला प्रबंधक शहरी डॉ. पूजा मेश्राम, शहरी सुपरवाईजर कौशल किशोर शर्मा, डॉ. टिकेश केशरी, डॉ. असर अंसारी, नेत्र सहायक सुनील वर्मा, लोकेश सोनवानी, जयंत देशमुख, मिथलेश वर्मा एवं स्टॉफ व वार्डवासी उपस्थित थे।

## नवाचारी शिक्षिका हेपशीबा एंथोनी के द्वारा विद्यार्थियों को बैंकिंग सेवाओं के बारे में समझाया



हरदी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में नवाचारी शिक्षिका हेपशीबा एंथोनी के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते हुए वाणिज्य के विद्यार्थियों को बैंकिंग सेवाओं के बारे में प्रहसन के माध्यम से समझाया। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा बैंक का हमारे जीवन में महत्व, चालू खाता, बचत खाता, सावधि खाता, आवर्ती जमा खाता, ऑनलाइन शॉपिंग, कैशलेश ट्रांजेक्शन, एटीएम, क्रेडिट कार्ड, लॉकर सुविधा, योनो ऐप का उपयोग, लोन कैसे लिया जाए व कितने प्रकार का होता है, यह सब विद्यालय में एक कृत्रिम बैंक बनाकर नाटक के माध्यम से अन्य विद्यार्थियों को समझाया गया।

इस अवसर पर उपस्थित प्राचार्य ने मैडम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के नवाचार होते रहना चाहिए। किसी भी कार्य को करके दिखाने से वह कार्य स्थाई रूप से समझ आता है। साथ ही सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप अब नकली बैंक की जगह असली बैंक के कर्मचारी बने। व्याख्याता अजय पाठक ने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में बैंक के कार्य खुद से करने व ओटीपी तथा पिन नंबर कभी भी शेयर न करने की सलाह दी।

## बेस्ट ऑफ द वेस्ट प्रतियोगिता में अनुप्रिया सोनी रहीं प्रथम



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के सृजन कला केंद्र के तत्वावधान में विभागीय स्तर पर 'बेस्ट ऑफ द वेस्ट' प्रतियोगिता का सफल आयोजन 13 अक्टूबर को किया गया।

इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी सृजनशीलता का परिचय दिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना तथा पुराने एवं अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएँ तैयार करने की कला को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिभागियों के परिचय के साथ हुआ। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने प्लास्टिक की बोतलें, पुराने कार्डबोर्ड, कपड़े, लकड़ी और अन्य वेस्ट वस्तुओं का उपयोग कर आकर्षक व उपयोगी वस्तुएँ निर्मित कीं, जिनमें सजावटी सामान, पेन स्टैंड, गार्डन डेकोरेशन आइटम आदि प्रमुख रहे।विभिन्न विभागों के बीच आयोजित इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल द्वारा विजेताओं की घोषणा की गई, जिसमें प्रथम स्थान अनुप्रिया सोनी (बी.ए. प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान शिवानी सिन्हा (एम.ए. तृतीय सेमेस्टर, इतिहास), तृतीय स्थान (संयुक्त) मयूरी सिन्हा (एम.एस.सी. रसायन, तृतीय सेमेस्टर) एवं हसीना कवर (एम.ए. इतिहास) ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. आशा चौधरी द्वारा किया गया, जिन्होंने विद्यार्थियों की सृजनात्मकता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक दृष्टिकोण की सराहना की। कार्यक्रम में सृजन कला केंद्र के संयोजक गोपाल कृष्ण यादव, विभागाध्यक्ष (वाणिज्य) एवं अविनाश सिंह, विभागाध्यक्ष (वनस्पति विज्ञान) की प्रमुख उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन तुलिका चक्रवर्ती द्वारा सुचारु रूप से किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

## 'लव योर आइज़' थीम पर खैरागढ़ में हुई संगोष्ठी

खैरागढ़ (दावा)। आत्मनिर्भर खैरागढ़ अभियान के तहत विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा 'लव योर आईज' थीम पर संगोष्ठी एवं निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभियान के वरिष्ठ सेवाभावी उत्तम कुमार बागडे, अमीन मेमन, याकूब खान, रुपेश देवांगन, नीलम राजपूत, स्वास्थ्य कार्यकर्ता अनीता जांगड़े, माणिक वर्मा दिनेश्वरी कोसरे, नरेश श्रीवास, सुनील कोसरे, पत्रकार मनोहर सेन, आकाश तिवारी, चंद्रेश कोसरे सहित सेवाभावी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

कार्यक्रम का उद्देश्य जनसमुदाय में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आँखों की नियमित जांच के महत्व को समझाना रहा। मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता अनुराग शाँति तुरे ने कहा कि संसार में किसी भी प्राणी के लिए आंखें प्रकृति की सबसे सुंदर रचना है। आंखों के कारण ही समूचा संसार रंगीन और खूबसूरत है, इसलिए हम सब की जिम्मेदारी है, कि हम अपनी आंखों से प्यार करें और इसकी समुचित देखभाल करें।





0 आत्मनिर्भर खैरागढ़ अभियान में नेत्र सुरक्षा का संदेश,
0 विश्व दृष्टि दिवस पर निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण,
0 सामाजिक संस्थाओं की पहल रही सराहनीय,
0 'आँखें अनमोल हैं'- विषय पर आत्मनिर्भर अभियान की पहल पर जनजागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

वरिष्ठ स्वयंसेवी शमशूल होदा खान ने कहा कि आज के आधुनिक किंतु दूषित वातावरण में आंखों की देखभाल बहुत जरूरी है। स्वयंसेवी वंदना टांडेकर ने कहा कि हम सबको न केवल आंखों की देखभाल और उसकी सुरक्षा के लिए जागरूक रहना चाहिए बल्कि इस बात पर भी हमें प्रयास करना चाहिए कि, हमारे जाने के बाद भी हमारी आंखों से कोई और इस खूबसूरत दुनिया को देख सके इसलिए नेत्रदान जरूरी है।

कार्यक्रम में नेत्र विशेषज्ञ डॉ.दुर्गेश नंदनी श्रीवास्तव ने कहा कि समय-समय पर किया गया नेत्र परीक्षण कई गंभीर नेत्र रोगों से बचाव में कारगर होता है। संगोष्ठी पश्चात जिला अंधत्व नियंत्रण समिति, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा उपस्थित लोगों को निःशुल्क प्रेसबायोपिक चश्मों का वितरण किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजकों ने संदेश दिया कि आँखों की देखभाल कोई विकल्प नहीं बल्कि जिम्मेदारी है। नियमित जांच और जागरूकता से दृष्टि सुरक्षा संभव है। इस तरह के जनजागरूकता कार्यक्रमों से समाज में दृष्टि स्वास्थ्य को लेकर सकारात्मक पहल देखने को मिल रही है।

## दिग्विजय में राजनीति विज्ञान विभाग में अतिथि व्याख्यान एवं विभागीय परिषद का उद्घाटन

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. अमिता बक्शी के मार्गदर्शन में अतिथि व्याख्यान एवं राजनीति विज्ञान परिषद का उद्घाटन किया गया।





विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित डॉ. अंजना ठाकुर, प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय, अर्जुनी जिला राजनांदगांव ने भारत में संसदीय शासन प्रणाली विषय पर व्याख्यान दिया तथा उन्होंने बताया कि संसदीय शासन प्रणाली वह प्रणाली है जिसमें कार्यपालिका अपनी नीतियों और कार्यों के लिए विधायिका के प्रति उत्तरदायी होती है।

भारत का संविधान केंद्र और राज्य दोनों में संसदीय शासन प्रणाली का प्रावधान करता है। भारत में संसदीय शासन प्रणाली की व्यवस्था का विचार ब्रिटेन से लिया गया था। यह एक ऐसी शासन प्रणाली है राष्ट्रपति राज्य का प्रतिनिधित्व करता है, उक्त अवसर पर राजनीति विज्ञान स्नातकोत्तर परिषद का गठन भी किया गया।

राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता बक्शी द्वारा गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न पदों पर मनोनित मेधावी छात्रों के नाम की घोषणा की गई जो इस प्रकार हैं। एम.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा कु. टिकेश्वरी देवांगन को अध्यक्ष, एम.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कु. दिव्या साहू को उपाध्यक्ष, सहसचिव कु. परमिला, कोषाध्यक्ष शुभम प्रजापति, आयोजन प्रभारी मे शारदा यादव, आयुषी पांडे, कृतिका भारती, मेनिका कोठारी, प्रचार प्रसार प्रभारी में विवेक वर्मा, रागिनी बोगा, तृषा, रेशमा यादव शामिल हैं।

नवीन पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विभाग के सहायक प्राध्यापक संजय सप्तर्षि ने कहा कि विभाग के आयोजनों में पदाधिकारियों से सहयोग की अपेक्षा रहेगी। विभाग के दीपक कुमार द्वारा पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि प्रत्येक पदाधिकारी विभाग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भारती सोनी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन में विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.आर.के. बंजारे द्वारा अतिथि व्याख्यान हेतु विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित डॉ. अंजना ठाकुर को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा गया कि, उन्होंने बहुत ही व्यस्त दिनचर्या में भी हमें प्राथमिकता दी तथा वे व्याख्यान हेतु उपस्थित हुईं, राजनीति विज्ञान विभाग इसके लिए हृदय से उनका आभारी है।

## वात्सल्य मूर्ति आर्यिका श्री105 आदर्श मति माताजी का मंगल उद्बोधन संपन्न हुआ

**डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में गत दिवस वात्सल्य मूर्ति आर्यिका श्री 105 आदर्श मति माताजी का मंगल उद्बोधन संपन्न हुआ। जिनका चातुर्मास वर्तमान में श्री चंद्रगिरी महातीर्थ क्षेत्र डोंगरगढ़ में चल रहा है।**

इस अवसर पर उपस्थित रहे सम्बर मती माता जी, विनीत मती माता जी एवं चंद्रगिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष किशोर जैन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ के अध्यक्ष सुनील जैन, सुशील जैन, राजेंद्र अनिल जैन, सुभाष जैन, नेहा जैन, शुभी जैन, प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद एवं प्रतिभास्थली के शिक्षिकाएं आदि अतिथि परिचय विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव ने करवाया।





हमको इंडिया से वापस भारत की ओर चलना है- वात्सल्य मूर्ति आर्यिका श्री 105

विद्यालय के प्राचार्य द्वारा पूज्य माताजी को श्रीफल भेंट कर प्रणाम किया गया, उपस्थित अतिथियों का विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव ने तिलक अभिनंदन किया, अन्य अतिथियों का विद्यालय के वरिष्ठ दीदियों त्रिवेणी मंडल कौशल्या वर्मा स्मृति पांडे, रेवती वर्मा ने स्वागत किया। उपस्थित अतिथियों के सम्मान में विद्यालय के सभी भैया बहनों ने एक मासिक गीत गाकर उनका स्वागत किया।

0 हमको इंडिया से वापस भारत की ओर चलना है- वात्सल्य मूर्ति आर्यिका श्री 105

पूज्य माताजी ने अपने दिव्य वाणी से विद्यालय के भैया बहनों के शिक्षा संस्कार की प्रशंसा करते हुए, उनको आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि हमको इंडिया से वापस भारत की ओर चलना है। अतीत के भारत का स्वर्णिम पल, समृद्धशाली भारत को अनुभव करते हुए हमको ऐसे भारत का निर्माण करना है, जिनमें दया, प्रेम, करुणा, त्याग, वसुधैव कुटुंबकम, भारतीय संस्कृति से प्रेम की भावना हो, उन्होंने चंद्रशेखर आजाद जी का उदाहरण देकर बच्चों में देशभक्ति का भाव जगाया एवं स्वदेशी अपनाकर देश को फिर से समृद्धशाली बनाने की बात कही।

प्राचार्य प्रकाश यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूज्य माता जी द्वारा बताई गई बातों को आत्म साध करने की आवश्यकता है। किशोर जैन ने आभार व्यक्त करते हुए पूज्य माताजी द्वारा बताए गए मार्गों पर चलने की बात कही। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ आचार्य थैलेश साहू ने किया, उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा विद्यालय परिवार का सहयोग रहा।

## भूरसाटोला में सियान जतन विशेष स्वास्थ्य कैंप आयोजित

डोंगरगढ़ (दावा)। विशेष सेवा पखवाड़ा के तहत दूरस्थ आदिवासी वनांचल क्षेत्र ग्राम भूरसाटोला में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम स्वास्थ्य पंचायत समिति एवं मितानिन बहनों के द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया गया, लगभग 85 घरों से युक्त इस वनवासी ग्राम में सीएमएचओ डॉ नेतराम नवरतन एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुचिता श्रीवास्तव के आदेश अनुसार सियान जतन का विशेष कैंप आयोजित हुआ, जिसमें स्वास्थ्य जांच, एन.सी.डी स्क्रीनिंग, हेपेटाइटिस, नेत्र जांच, चश्मा वितरण, आयुष्मान कार्ड, सिकलसेल जांच, टीवी स्क्रीनिंग, ब्लड प्रेशर एवं शुगर जांच का लाभ शिशुवती, गर्भवती माता,



किशोरी बालिका एवं अधिक आयु की मातृशक्ति एवं बुजुर्ग सयान ने बढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें हितग्राहियों के साथ अर्थात दाई-बबा गोठ का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम कार्यक्रम का नियोजन डीपीएम संदीप ताम्रकार सहायक जिला नोडल अनिल श्रीवास्तव ब्लॉक समन्वयक अनीता धुर्वे एवं मितानिनों के सहयोग से विशेष सेवा सयान जतन शिविर संपन्न हुआ, मितानिन कार्यक्रम के जिला नोडल अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि वनांचल क्षेत्र में सयान जतन की दृष्टि से यह पहला कार्यक्रम है, उन्होंने मितानिनों को अपने क्षेत्र के सयानो की सूची बनाकर उनकी सेवा जतन एवं सतत निगरानी के लिए आग्रह किया ,इस स्वास्थ्य शिविर में 181 हितग्राहियों का पंजीयन हुआ जिसमें टीवी के 8 एचआईवी के 33 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 32 लोगों को निशुल्क चश्मा वितरण एवं जांच किया गया, शिविर में 78 शुगर जांच, 76 बीपी जांच, 37 हीमोग्लोबिन एवं 7 का मलेरिया स्क्रीनिंग हुआ। इस शिविर को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग की टीम जिसमें नरेंद्र साहू, पूजा मेश्राम, किशोरी देवदास, स्नेह लता,सुरेंद्र सिंह, राकेश साहू, अरुण लकड़ा, सुशील चतुर्वेदी, संतोषी ममता श्रीवास ने सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं गुलाल पुष्प अर्पित करके हुआ इस अवसर पर सरपंच रेख सिंहा, थनवार मांडवी, ग्राम पटेल कुंवरलाल, पल्टू नेताम, वीएचएससी अध्यक्ष सातों बाई, राधिका बाई मांडवी, पांचो बाई मांडवी, भूमिता नेताम, सावित्री, निराशा, मंगतीन, कुंता बाई आदि सभी ने विशेष उत्साह से भाग लिया।

## स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच द्वारा हर साल मनाया जाता है सार्थक दीवाली

राजनांदगांव (दावा)। विवेकानंद युवा जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष जीवन साहू ने बताया कि 2010 से हमारी संस्था ने सामाजिक कार्य करने के उद्देश्य से कई पहल की स्वामी विवेकानंद को आदर्श मानकर हमने युवाओ के अंदर भारतीय संस्कृति को जोड़ने का प्रयास करते आ रहे है हमारा उद्देश्य है कि हमारे छोटे से सहयोग कार्यक्रम से समाज को नई पीढ़ी को हम हमारे संस्कृति से जोड़ सके इसलिए हमारे संस्था द्वारा निरंतर नशा मुक्ति कार्यक्रम मातृपितृ पूजन कार्यक्रम जैसे अन्य कार्यक्रम किये जाते है

15 वर्ष पहले एक पहल की, आओ मनाये सार्थक दीवाली



हमने ऐसे बच्चों का चयन किया जो जरूरत मंद हो कई ऐसे भी बच्चे मिले जिनके माता पिता इस दुनिया मे नही है हमने निरंतर उन बच्चों को नए कपड़े मिठाई या अन्य जरूरत की सामग्री दी ताकि उन नन्हें बच्चों के मुस्कान से हमारी दीवाली सार्थक हो प्रति वर्ष हमारी संख्या में वृद्धि हुई और हमने इस वर्ष 200 बच्चों तक नए कपड़े व जो बच्चे स्कूल जाते है उन बच्चों को स्कूल बैग वितरण किये। हमारे संस्था द्वारा किसी भी प्रकार से बाहरी लोगों से कोई चंदा या राशि नही ली जाती है हम अपने पॉकिट मानी से उन सभी जरूरत मंद बच्चो तक सामग्री पहुचते है और सार्थक दीवाली मनाये जाते है। मंच के संजय शर्मा, रितेश यादव ने जानकारी दी कि दीवाली के 15 दिन पहले से हम वितरण कार्य प्रारंभ कर देते है। जिन बच्चों का लिस्ट आता है, उनके निवास में पहुचकर उनके साथ कुछ वक्त बिताते हैं जो बच्चे कम्प्यूटर सीखने के इच्छुक हो उनके लिए निःशुल्क व्यवस्था भी की गई है, जिसका पूरा खर्च हमारी संस्था द्वारा किया जाता है। साथ ही ऐसे बच्चों को पढ़ाई व अन्य खेल के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष जीवन साहू, संजय शर्मा, रितेश यादव, एस.के.देवांगन, पंकज झा, देवश्री चावड़ा, आदित्य पराते, टोमन, शत्रुघन साहू, दीनू साहू, अभिषेक, भरत देवांगन, मीनू साहू व अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहते है।

# ‘स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ’ के नारों से गूंजा महाकाल चौक






राजनांदगांव (दावा)। महाकाल चौक में शुक्रवार को कैट, स्वदेशी जागरण मंच एवं पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में ‘वोकल फॉर लोकल’ कार्यक्रम एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, पूर्व नेता प्रतिपक्ष शिव वर्मा, पार्षद शैकी बग्गा, पार्षद मणि भास्कर गुप्ता, पूर्व पार्षद शरद सिन्हा, गुरमुख दास वाधवा, प्रदेश कैट संरक्षक अनिल बरडिया, जिला अध्यक्ष राजू डागा, भावेश अग्रवाल, संजय तेजवानी, सौरभ खंडेलवाल और स्वदेशी जागरण मंच से राजकुमार शर्मा, श्रीमती संगीता शुक्ला, अमलेश राय, सुरेश पंजवानी, प्रकाश कांकरिया, राहुल जायसवाल, फातिमा बी सोलंकी, दयाशंकर जायसवाल, विष्णु प्रसाद लोहिया, वरुण भास्कर, रोहित माखीजा विशेष अतिथि के रूप में

**0 पत्रकारों का हुआ सम्मान**
**0 कपड़े के झोले एवं पेड़ बांटे गए**

उपस्थित रहे। पत्रिका से जिला ब्यूरों प्रमुख कुलदीप मोहन ने भी आयोजन की गरिमा बढ़ाई।

### पत्रकारों का हुआ सम्मान

समारोह में राज्य एवं संभाग स्तरीय अधिमान्यता समिति में शामिल सूरज बुद्धदेव, अशोक पांडे एवं शशांक तिवारी सहित शहर के कई पत्रकारों किशोर शिल्लेदार, खेमराज वर्मा, अखिलेश खोब्रागड़े, अमित चटर्जी, विकल्प श्रीवास्तव, मनोज देवांगन, नितिन खोब्रागड़े, दीपक साहू आदि को शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि पत्रकार समाज के प्रहरी हैं, जो सच्चाई को जन-जन तक पहुँचाते हैं।

### ‘स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ’ के गूंजे नारे

कार्यक्रम स्थल ‘स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ’, ‘जब भी बाजार जाएंगे, स्वदेशी सामान लाएंगे’ और ‘भारत की मांग, वोकल फॉर लोकल’ जैसे नारों से गूंज उठा। स्वदेशी जागरण मंच के सदस्यों ने लोगों से विदेशी वस्तुओं के बजाय देशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया।

### जागरूकता के लिए झोले और पंपलेट का वितरण

आयोजन से जुड़े सभी लोगों को कपड़े के 150 झोले वितरित किए गए ताकि प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश समाज तक पहुँचे। साथ ही एक जानकारी पूर्ण पाम्पलेट भी बांटा गया, जिसमें बताया गया कि, कौन-से उत्पाद स्वदेशी हैं और कौन-से विदेशी। इसका उद्देश्य लोगों को खरीददारी के समय सही निर्णय लेने के लिए जागरूक करना था। पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु आम नागरिकों को पेड़ पौधों का वितरण किया गया। कैट, स्वदेशी जागरण मंच और पत्रिका के प्रतिनिधियों ने कहा कि स्थानीय उत्पादों का प्रयोग करना सिर्फ एक विकल्प नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण में भागीदारी है। आने वाले त्योहारी मौसम में ‘वोकल फॉर लोकल’ को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया गया। इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि ‘स्वदेशी अपनाओ, देश को सशक्त बनाओ।’ कार्यक्रम ने समाज में आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण का नया संदेश दिया।

# बागड़ी ब्रदर्स में ट्रिपल इंजन वाला ऑफर अगले तीन दिनों तक




राजनांदगांव (दावा)। बागड़ी ब्रदर्स रामाधीन मार्ग के शोरूम में इन दिनों जो जीएसटी 2.0 रिफॉर्म के चलते 10 प्रतिशत जीएसटी कम किया गया था, उसके कारण एवं विशेष दिवाली डिस्काउंट के चलते टीवी, डिशवॉशर एवं एसी में ग्राहकों का विशेष रुझान इन दिनों देखा जा रहा है। बजाज फाइनेंस के द्वारा ग्राहक 0 प्रतिशत ब्याज में 0 डाउन पेमेंट एवं 0 प्रक्रिया चार्ज अर्थात ट्रिपल जीरो स्कीम के तहत बड़ी एलईडी टीवी, एसी एवं डिशवॉशर अब आसानी से खरीद रहे हैं। बागड़ी ब्रदर्स में इन दिनों कुल मिलाकर 49 प्रतिशत तक की छूट अगले तीन दिनों तक ग्राहकों को दी जावेगी। सभी विश्व प्रसिद्ध कंपनियों के रंग-बिरंगे एवं लेटेस्ट मॉडल के रेफ्रीजरेटर एवं वाशिंग मशीन की विशाल श्रृंखला इन दिनों बागड़ी ब्रदर्स के शोरूम में ग्राहकों द्वारा पसंद की जा रही है। इन दिनों ग्राहकों का रुझान 55 इंच, 65 इंच या फिर 75 इंच के टीवी की तरफ ज्यादा है।

10 प्रतिशत जीएसटी कम होने के कारण तथा बागड़ी ब्रदर्स द्वारा विशेष दिवाली छूट के चलते ग्राहकों को काफी कम दामों पर बड़ी एलईडी टीवी प्राप्त हो रही है। ग्राहक अपने घरों के पुराने मॉडल के टीवी वापस कर बड़ी एवं लेटेस्ट एलईडी टीवी खरीद रहे हैं। एआई तकनीकी से युक्त लेटेस्ट वॉशिंग मशीनों की जबरदस्त रेंज देखकर ग्राहक अचंभित है। बागड़ी ब्रदर्स के तीन मंजिला फर्नीचर शोरूम जो कमल टॉकीज के पास रामाधीन मार्ग में स्थित है, में पहली बार दीपावली के मौके पर फर्नीचर की विस्तृत रेंज 49 प्रतिशत तक की छूट पर उपलब्ध है। इन दोनों बहुत बड़ी संख्या में ग्राहक बिना 1 रूपये दिए भी अर्थात 0 रूपये देकर अपना मनपसंद प्रोडक्ट बजाज फाइनेंस की सुविधा से अपने घर ले जा रहे हैं। 48 वर्षों से यह प्रतिष्ठान अपनी विश्वसनीयता एवं भरपूर प्रोडक्ट रेंज के कारण आज भी ग्राहकों की पहली पसंद बना हुआ है। बागड़ी ब्रदर्स के संचालक गौरव बागड़ी में बताया है कि आज भी हमारी पहली कोशिश यह रहती है कि, ग्राहकों का जो विश्वास हमारे ऊपर बना हुआ है। उसके चलते हम उच्च स्तरीय लेटेस्ट चीजें न्यूनतम दामों पर ग्राहकों को उपलब्ध करा पायें। अगले तीन दिन हम चाहते हैं कि, अधिक से अधिक ग्राहक बढ़ी हुई वारंटी, बहुत ही आसान फाइनेंस सुविधा के साथ काफी कम दामों पर अपना मनपसंद प्रोडक्ट खरीद लेवें अथवा बुक कर लेवें। उनका कहना है कि, हर वर्ष की तरह हमारे प्रतिष्ठान द्वारा अगले तीन दिन हर ग्राहक को आकर्षक उपहार निश्चित रूप से दिया जाएगा। एयर कंडीशन भी इन दिनों ऑफ सीजन छूट के चलते एवं जीएसटी में कमी होने के कारण 1.5 टन का एसी 25000 से भी कम कीमत पर उपलब्ध है।

# बालाजी धाम मंदिर में 22 को अन्नकूट महोत्सव



56 भोगों से होगी भगवान बालाजी महाराज की पूजा-अर्चना

राजनांदगांव (दावा)। गंज चौक समीप पुराने गंज मंडी में स्थित बालाजी धाम मंदिर में मंदिर समिति व बाल समाज के द्वारा 22 अक्टूबर बुधवार को अन्नकूट महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। बालाजी धाम मंदिर के पुजारी हनुमान प्रसाद शर्मा ने बताया कि 22 अक्टूबर की अपराह्न 4 बजे से प्रारंभ होने वाले अन्नकूट महोत्सव के दौरान भगवान बालाजी महाराज की पूजा-आराधना के साथ 56 व्यंजनों का चढ़ावा चढ़ाया जाएगा। भगवान जी को भोग लगा कर उक्त प्रसादी भक्तों में वितरित की जाएगी। इस अवसर पर सभी धर्मप्रेमी लोगों को उपस्थिति की अपील की गई है।

# कलेक्टर ने वार्ड 18 ममता नगर और वार्ड 2 नवागांव का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

### ममता नगर में नाली की नियमित सफाई के दिए निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 18 ममता नगर और वार्ड क्रमांक 2 नवागांव का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने ममता नगर में नाली की नियमित सफाई के निर्देश दिए। साथ ही एक स्थान पर फेंके गए कचरे को तत्काल साफ किए जाने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए। कलेक्टर ने वार्डवासियों से चर्चा कर सफाई व्यवस्था की जानकारी ली तथा गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक रखे जाने एवं स्वच्छता दीदियों को डोर टू डोर संग्रहण के दौरान दिए जाने हेतु प्रेरित किया। वार्ड क्रमांक 2 में नाली सफाई की व्यवस्था पर असंतोष जाहिर किया। जिस पर उनके सामने ही सफाई प्रारंभ कराई गई। उन्होंने भविष्य में भी सप्ताह में 1 से 2 बार सफाई के लिए निर्देशित किया। जिसके 2 घंटे बाद ममता नगर स्थित मुक्कड़ पाईंट की सफाई का कार्य पूर्ण किया गया। उल्लेखनीय है कि दीपावली पर्व के दृष्टिगत शहर में तथा अन्य नगरीय निकायों में अभियान चलाकर साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है।



























स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com